RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 68 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, शुक्रवार, 04 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग के साथ भारत-बेल्जियम पांच सालों में करेंगे व्यापार दोगुना

# भारत-बेल्जियम के बीच 10 रक्षा रणनीतिक समझौते

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम अपने व्यापार को अगले 5 सालों में दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच गुरुवार को हुई वार्ता के बाद 10 विषयों पर सहमति बनी। इसमें रक्षा क्षेत्र में सहयोग सबसे अहम रहा। यूरोपीय रक्षा सप्लाई चेन के तहत अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता हासिल करने तथा देश में रक्षा उत्पादन, तकनीकी विकास और सह-निर्माण को बढ़ावा देने तथा रक्षा नवाचार में निवेश के लिए दोनों देशों के बीच में आज करार हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार बेल्जियम सुरक्षा और रक्षा उद्योग संघ (बीडीएसआई) और भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी (एसआईडीएम) के बीच और निकट भविष्य में ब्रुसेल्स में भारतीय दूतावास में एक रेजिडेंट डिफेंस अटैची नियुक्त करने पर समझौता हुआ है। देश में निवेश में तेजी के लिए एक तंत्र बनाया जाएगा। इससे भारत को बेल्जियम से बड़े स्तर पर भारत से निवेश प्राप्त होने की संभावना है। भारत और बेल्जियम अपने बिजनेस फॉर्म को संस्थागत बनाने पर सहमत हुए हैं। इससे दोनों देशों से भारतीयों को बेल्जियम और यूरोपीय व्यापार जगत के साथ मिलकर व्यापार के अवसर तलाश में मदद मिलेगी। भारत और बेल्जियम काउंसलर डायलॉग स्थापित करेंगे, ताकि छात्रों, प्रोफेशनल और यात्रियों तथा व्यापारियों की आवाजाही आसान हो। इसके अलावा दोनों देशों के बीच नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ा समझौता हुआ है। संगठित अपराध और अंतर्राष्ट्रीय साइबर तथा अन्य अपराधों से जुड़े मामलों के लिए दोनों देशों की एजेंसियों (सीबीआई और बेल्जियम की संघीय पुलिस) सहयोग से जुड़ा हुआ समझौता हुआ है। दोनों देशों के बीच में राजनीतिकों के प्रशिक्षण को लेकर भी समझौता हुआ है। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर 2-4 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनके साथ बेल्जियम के रक्षा और विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन और अधिकारियों तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। फरवरी, 2025 में पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री डी वेवर की यह पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री डी वेवर ने अपनी यात्रा की शुरुआत आज राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद प्रधानमंत्री डी वेवर ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ पहले सीमित प्रारुप और बाद में प्रतिनिधिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय बातचीत की। उनकी चर्चाओं में दोनों देशों के बीच संबंधों के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री डी वेवर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के लिए दोपहर के भोजन (लंच) का आयोजन किया।



वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में बताया गया कि बेल्जियम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विस्तार के बाद स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन दोहराया। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे की उम्मीदवारी का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख बेल्जियम विश्वविद्यालयों और शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों को भारत की नई शिक्षा नीति के तहत भारत में कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने सीमा-पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने अप्रैल, 2025 में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले की एक बार फिर निंदा की।

### भारत में होगा रॉकेट और बारूदी सुरंग रोधी प्रणालियों का उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत और बेल्जियम ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाई देते हुए 10 बड़े रणनीतिक समझौतें किये हैं। इनके तहत भारत में गोला-बारूद, 70 एमएम रॉकेट, नौसेना की बारूदी सुरंग रोधी प्रणालियां, काउंटर-ड्रोन प्रणाली और समुद्री डीजल इंजन समेत आधुनिक रक्षा उपकरणों का निर्माण और सह-उत्पादन किया जाएगा। यह सहयोग भारत की 'मेक इन इंडिया' और रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने के साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी का आधार तैयार करेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेल्जियम के रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन के बीच यहां हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की उच्च स्तरीय वार्ता में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच दीर्घकालिक संरचनात्मक सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही बेल्जियम सिक्योरिटी एंड डिफेंस इंडस्ट्री और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के बीच भी सहयोग समझौता हुआ। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बेल्जियम की 15 प्रमुख रक्षा कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इन कंपनियों ने भारतीय रक्षा उद्योग के साथ मिलकर आधुनिक सैन्य साजो-सामान, रॉकेट, नौसैनिक प्रणालियों और ड्रोन रोधी तकनीकों के भारत में निर्माण को लेकर समझौते किए हैं। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने यूरोप और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के बीच बढ़ती अंतर्संबंधता, समुद्री सुरक्षा और सैन्य अधिकारियों के आदान-प्रदान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। बेल्जियम डिफेंस कॉलेज ने वर्ष 2027 में भारत में अपना 'वर्ल्ड स्टडी ट्रिप' आयोजित करने की योजना भी बनाई है। दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच हुए प्रमुख समझौतों में लीज स्थित रक्षा एवं इंजीनियरिंग कंपनी न्यू लाचौसे और टेम्पो क्लासिक इंजीनियरिंग का करार शामिल है। करीब 5 करोड़ यूरो यानी लगभग 450 करोड़ रुपये के इस सौदे के तहत गोला-बारूद के दो अलग-अलग कैलिबर के लिए पूरी उत्पादन लाइन और दो अतिरिक्त कैलिबर के लिए टूलिंग की आपूर्ति की जाएगी।



## बेलारूस ने भारत को विश्व के 3 ताकतवर देशों में शामिल किया

**बिश्केक ।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच पर बेलारूस ने भारत की जमकर प्रशंसा की। बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने अपने भाषण में भारत को दुनिया के सबसे ताकतवर देशों की सूची में शामिल किया, जिसमें विशेष रूप से यह बात गौर करने लायक है कि अमेरिका का नाम इस सूची से गायब था। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। लुकाशेंको ने अपने संबोधन में कहा, इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हम कितने ही बराबर हैं। हम मानते हैं कि तीन ताकतवर देश हैं- चीन, रूस और भारत आर्थिक रूप से ताकतवर परमाणु देश हैं। एससीओ एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है जिसमें रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान जैसे देश शामिल हैं, जो यूरेशिया के बड़े भूभाग का प्रतिनिधित्व करते हैं। सम्मेलन के दौरान जारी घोषणापत्र में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर विशेष जोर दिया गया। एससीओ सदस्य देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड अपनाए जाने को अस्वीकार्य बताया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस

**अमेरिका का नाम तक नहीं लिया**



गंभीर खतरे से निपटने का आह्वान किया। संयुक्त बयान में सदस्य देशों ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त की और ईरान पर हुए हमलों की निंदा की। इस बयान को बिश्केक घोषणा-पत्र के नाम से जाना जाता है, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और एससीओ के अन्य प्रमुख नेताओं ने हस्ताक्षर किए। घोषणापत्र में कहा गया है कि सदस्य देशों ने आतंकवादी, अलगाववादी और उग्रवादी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट के इस्तेमाल को रोकने के महत्व पर जोर दिया। सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय सूचना सुरक्षा, सूचना संरक्षण और नए प्रकार के अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में आपसी समन्वय को मजबूत करने पर सहमत हुए। संयुक्त बयान में एससीओ सदस्य देशों ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई, साथ ही यह भी कहा कि स्वार्थी उद्देश्यों के लिए ऐसे समूहों का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज पर तनावः अमेरिका ने रोके 86 जहाज, हूती भी दाग रहे मिसाइलें



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा गतिरोध अब बेहद खतरनाक दौर में पहुंच गया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की खुली धमकियां दी हैं, जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं। हालिया हफ्तों में दोनों देशों के बीच हुए भीषण टकराव ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस संघर्ष के केंद्र में दक्षिणी ईरान के एक शादी समारोह पर हुआ वह हमला है, जिसे ईरान ने सीधा युद्ध अपराध करार दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उनकी सेना ने रात के वक्त ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाकर भारी हमले किए। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका इस तरह की और कार्रवाई कर सकता है। इस बीच, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य का नाम बदलने की घोषणा पर उन्हें तीखी आलोचना के बाद पीछे हटना पड़ा था। दूसरी ओर, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख मोहसेन रेजाई ने चेतावनी दी है कि तेहरान अब अमेरिका से निपटने के लिए नई रणनीति अपनाएगा, जो अमेरिकी व्यवस्था को हिला सकती है। ईरान ने इस हमले के जवाब में जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं।

### त्रिपुरा के जैविक चावल की यूरोपीय बाजार में दस्तक, ऑस्ट्रिया और नीदरलैंड भेजी गई 18 मीट्रिक टन खेप

**अगरतला।** त्रिपुरा के पारंपरिक और जैविक चावल को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिली है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की सहायता से राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणित चार किस्मों के कुल 18 मीट्रिक टन चावल की खेप 2 सितंबर को ऑस्ट्रिया और नीदरलैंड के लिए रवाना की गई। इसे राज्य के किसानों को वैश्विक बाजार से जोडऩे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निर्यात की गई खेप में सुगंधित काली खासा, सुगंधित हरिनारायण, बिरोन (सफेद चिपचिपा) और मैमी हांगा (काला) चावल शामिल हैं। इन पारंपरिक किस्मों का संग्रह त्रिपुरा राज्य जैविक कृषि विकास एजेंसी (टीएसओएफडीए) के सहयोग से संचालित किसान उत्पादक कंपनियों से किया गया है। इनका निर्यात सोनीपत स्थित प्रथिति ऑर्गेनिक फूड्स द्वारा किया जा रहा है। इस पहल से त्रिपुरा के स्थानीय किसानों और कृषि उत्पादक संगठनों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलने की उम्मीद है। प्रमाणित जैविक उत्पादों की वैश्विक मांग के बीच इस निर्यात से किसानों को घरेलू बाजार की तुलना में 40 प्रतिशत तक अधिक मूल्य मिलने की संभावना है। इससे किसानों को संगठित और निर्यातोन्मुख उत्पादन अपनाने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। यह निर्यात पिछले महीने त्रिपुरा में एपीडा द्वारा आयोजित रिवर्स खरीदार-विक्रेता बैठक का परिणाम भी माना जा रहा है। बैठक में संभावित अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और स्थानीय उत्पादकों को एक मंच पर लाकर बाजार संपर्क स्थापित किए गए थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खान एवं भूतत्व सचिव अरवा राजकमल की मुलाकात



नई सोच एक्सप्रेस। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को 8 सितंबर को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होने वाली एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।"Application of Artificial Intelligence and Machine Learning in Geology and Mining" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भू-विज्ञान और खनन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चा होगी। मौके पर निदेशक खान राहुल कुमार सिन्हा, एमडी जेईएमसीएल वरुण रंजन और निदेशक भूतत्व कुमार अमिताभ मौजूद रहे।

## रक्षा मंत्री ने 10 वर्षों में वैश्विक साझेदारी के लिए 'रक्षा' कूटनीति दस्तावेज जारी किया

### ग्लोबल डिफेंस पार्टनरशिप के लिए रोडमैप और विजन को बताया गया

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में रक्षा कूटनीति पर आधारित 'रक्षा नामक दस्तावेज का विमोचन किया। यह दस्तावेज अगले 10 वर्षों के दौरान वैश्विक रक्षा साझेदारियों के लिए भारत के रणनीतिक रोडमैप और दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। इसमें बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं को सक्रिय अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ जोडऩे की रणनीति प्रस्तुत की गई है। दस्तावेज में दीर्घकालिक स्थिरता, साझा सुरक्षा और पारस्परिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रक्षा कूटनीति को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है।



इसमें भारत की वैश्विक रक्षा साझेदारियों को मजबूत करने के लिए चार प्रमुख रणनीतिक स्तंभों को रेखांकित किया गया है।

**रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करने पर जोर :** 'रक्षा दस्तावेज में रणनीतिक साझेदारी को प्रमुख स्तंभ बनाया गया है। इसके तहत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा। मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग के नए अवसर तलाशने तथा बदलती सुरक्षा चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने पर जोर दिया गया है। दूसरे प्रमुख स्तंभ के रूप में क्षमता विकास को शामिल किया गया है। इसके तहत संयुक्त सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के साथ मित्र देशों के साथ रक्षा क्षेत्र के सर्वोत्तम तौर-तरीकों और अनुभवों को साझा किया जाएगा।

**भारत को विश्वसनीय रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने का लक्ष्य :** दस्तावेज में स्वदेशी रक्षा निर्यात को भी महत्वपूर्ण प्राथमिकता दी गई है। 'भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों और प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देकर भारत को एक विश्वसनीय वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के माध्यम से भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग की वैश्विक पहुंच बढ़ाने और मित्र देशों के साथ रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा।

### जल प्रबंधन पर भाजपा की कार्यशाला, 14 राज्यों के 25 मंत्री हुए शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित जल प्रबंधन की कार्यशाला में 14 राज्यों ने अपने अपने अनुभव साझा किये और पानी के बेहतर संरक्षण एवं प्रबंधन के उपाय सीखे। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने मीडिया को इस कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यशाला जल से जुड़े विभिन्न विभागों के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने और राज्यों में जल प्रबंधन को बेहतर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विनय सहस्त्रबुद्धे के मुताबिक, इससे पहले केन्द्र सरकार की ओर से सभी राज्यों के जलशक्ति मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। उसके समापन के बाद भाजपा की यह कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया। इसके बाद आज विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गये। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 14 राज्यों के 25 जलशक्ति मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इनमें सिंचाई, ग्रामीण पेयजल, पेयजल एवं स्वच्छता और जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग जैसे जल से जुड़े विभागों को संभालने वाले मंत्री शामिल हैं। कार्यशाला के पहले सत्र में 'इफेक्टिव मिनिस्ट्रियल एस्टैब्लिशमेंट' यानी मंत्रालय के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

## महाप्रबंधक और दरभंगा सांसद के साथ बैठक



नई सोच एक्सप्रेस। पटना

सांसद गोपाल ठाकुर ने मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग के साथ एक बैठक की। बैठक में दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र से जुडी रेल विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधा एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत क्षेत्र के स्टेशनों के पुनर्विकास सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी ।

## भारतीय वस्त्र और फैशन उद्योग को वैश्विक पटल पर ले जाने के लिए भारत-फ्रांस के बीच हुआ समझौता

एजेंसी। नई दिल्ली/पेरिस

भारतीय वस्त्र और फैशन उद्योग को वैश्विक पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से भारत-फ्रांस के बीच पेरिस में प्रीमियर विजन प्रदर्शनी के दौरान एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के अनुसार भारत टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ) और रचनात्मक फैशन तथा वस्त्रों के लिए दुनिया के अग्रणी प्लेटफॉर्म 'प्रीमियर विजन एसए' ने बुधवार को (2 सितंबर) एक बहुवर्षीय रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बीटीटीएफ कोर कमेटी सदस्य एवं परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के अध्यक्ष डॉ. ए. शक्तिवेल और प्रीमियर विजन



एसए (फैशन डिवीजन) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फ्लोरेंस रूसन ने हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भारतीय वस्त्रों को वैश्विक लक्जरी और उच्च-स्तरीय फैशन उद्योग से जोड़ना, टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना और भारत को वॉल्यूम-आधारित (मात्रा-आधारित) निर्यात से आगे बढ़ाकर उच्च-मूल्य (हाई-वैल्यू) तथा डिजाइन-आधारित निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह समझौता जनवरी 2026 में संपन्न हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तुरंत बाद आया है, जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोपीय बाजारों का रास्ता और आसान हो गया है। वर्ष 2025 में यूरोपीय संघ का कुल कपड़ा एवं परिधान आयात लगभग 292.8 अरब डॉलर था, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में 10.4 अरब डॉलर है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ईडी की बड़ी कार्रवाई, दक्षिण भारत में 30 ठिकानों पर तलाशी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मादक पदार्थों से जुड़े आठ मामलों में दक्षिण भारत में एक साथ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। ईडी की विभिन्न जोनल टीमों की ओर से केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना में कुल 30 ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत कार्रवाई की जा रही है। ईडी के अनुसार, दक्षिण क्षेत्र के सभी जोन में एक साथ की जा रही इस कार्रवाई के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े कथित धन के लेनदेन से संबंधित आठ अलग-अलग मामलों की जांच की जा रही है। तलाशी के दौरान एजेंसी का उद्देश्य मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों से जुड़े धन, संपत्तियों, बैंक खातों, दस्तावेजों और डिजिटल




साक्ष्यों का पता लगाना है। आगे की जांच जारी है। तमिलनाडु के निसारदीन, कासिलिंगम और अन्य से जुड़े मामले में 11 जून 2024 को एनसीबी ने मंडपम शरणार्थी शिविर में रह रहे श्रीलंकाई नागरिक एन. अजनथन और के. मधुशन को पकड़ा था। उनके पास से 1.470 किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामद हुआ था। 14 जून 2024 को चेन्नई के मन्नाडी स्थित अंगप्पा नायकेन स्ट्रीट के दुकान संख्या 193/138 पर के. कृष्णा कुमारी को मोहम्मद रिजालुदीन से रुपये लेते हुए पकड़ा गया। वहां से 1.29 करोड़ रुपये से अधिक भारतीय मुद्रा, 30 हजार अमेरिकी डॉलर और 5,030 श्रीलंकाई रुपये बरामद किए गए। ईडी के अनुसार, उक्त परिसर का संचालन दुबई में रह रहे एस. निसारदीन की ओर से मोहम्मद रिजालुदीन कर रहा था और इसका इस्तेमाल अनधिकृत हवाला लेनदेन के लिए किया जा रहा था। इस मामले में चेन्नई और रामनाथपुरम जिले में दो ठिकानों पर तलाशी चल रही है। तमिलनाडु के सैयद इब्राहिम, बयसुल रहमान और अन्य से जुड़े मामले में 24 जुलाई 2024 को एनसीबी ने चेन्नई के किलाम्बक्कम बस टर्मिनस के पास बयसुल रहमान को पकड़ा था। उसके पास से 5.970 किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामद हुआ। एनसीबी ने इस मामले में 39.38 लाख रुपये नकद, 586 ग्राम सोना और एक किलोग्राम चांदी भी जब्त की थी।

### ब्रिक्स सम्मेलन के चलते 11 सितंबर को दिल्ली में केंद्र और प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश

**नई दिल्ली।** राजधानी के भारत मंडपम में 11 से 13 सितंबर तक होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन के मद्देनजर केंद्र और दिल्ली के सभी सरकारी कार्यालय 11 सितंबर को बंद रहेंगे। केंद्र सरकार ने दिल्ली और नई दिल्ली में स्थित अपने कार्यालयों को भी 11 सितंबर को बंद रखने का निर्देश दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने 11 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अवकाश घोषित किया है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की आधिकारिक सूचना में कहा गया कि 11 से 13 सितंबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम और 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। आदेश में कहा गया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में करीब 30 सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के व्यापक स्वरूप और आम लोगों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए दिल्ली और नई दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों को 11 सितंबर को बंद रखने का फैसला किया गया है।

### नेपाल में बाढ़ के बादः 22 लाख टन मलबे का पहाड़, सफाई में लगेंगे सालों

**काठमांडू।** 26 अगस्त को नेपाल की भोटेकोशी-त्रिशूली नदी में ग्लेशियर ढहने के बाद आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिसका दायरा लगातार बढ़ रहा है। इस प्राकृतिक आपदा ने न केवल जान-माल का भारी नुकसान किया है, बल्कि अपने पीछे 22 लाख टन से अधिक मलबे का एक विशाल पहाड़ छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के शुरुआती आकलन के अनुसार, यह मलबा इतना अधिक है कि इसे हटाने के लिए 22,000 बड़े ट्रकों की आवश्यकता होगी, और इसकी सफाई में कई साल लग सकते हैं। इस विनाशकारी बाढ़ का मानवीय टोल भी भयावह है। नेपाल सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, इस त्रासदी में 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई है, जबकि लगभग 4,000 लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दलों ने अब तक 10,451 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है, लेकिन मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश अभी भी जारी है। जो मलबा बचा है, उसका अनुमानित वजन लगभग 22 लाख टन है। इसे समझने के लिए, कल्पना कीजिए कि अगर आप एक के बाद एक ट्रक खड़े करें, तो यह कतार कई किलोमीटर लंबी होगी।

# 70वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन देवरीया

### देवरिया रायपुर में 17-19 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों को किया सम्मानित




स्मार्ट हलचल

रायपुर / 3 सितंबर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया, रायपुर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17-19 वर्षीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेन्द्र त्रिवेदी विधायक प्रत्याशी सहाड़ा रहे। अतिविशिष्ट अतिथि शिवराज सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रायपुर ने की। समारोह में ज्ञानचंद खटीक, अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था रायपुर, रणदीप त्रिवेदी, गणेश माली, हरलाल गाडरी, शम्भु दमामी एवं केशर जाट सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। समापन अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार, खेल प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों में उत्साह का माहौल रहा। प्रतियोगिता का सफल आयोजन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी रहा।

# मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव : नाम वापसी के बाद 79 प्रत्याशी मैदान में, देखें 20 वार्डों की पूरी अंतिम सूची

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़, ।** मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। नगर पालिका के 20 वार्डों में कुल 79 प्रत्याशी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। अब किसी भी प्रत्याशी के नाम वापस लेने की प्रक्रिया नहीं होगी। अंतिम प्रत्याशी सूची में भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नेशनल कांग्रेस के 20-20 अधिकृत प्रत्याशी हैं, जबकि 39 निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। इस तरह भाजपा और कांग्रेस ने सभी 20 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी से मुकाबला त्रिकोणीय और बहुकोणीय हो गया है।




## वार्डवार देखें कौन-कौन मैदान में

वार्ड 1 में 4 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें छोटू लाल प्रजापत और धापू देवी माली निर्दलीय, रक्षिता टेलर भाजपा तथा रेखा वैष्णव कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 2 में जुली ओस्तवाल निर्दलीय, योगेश कुमार भाजपा और सिद्धार्थ सिसोदिया कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 3 में अनिता सुराणा भाजपा, लता ओस्तवाल निर्दलीय और कीर्ति धाधीच कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 4 में जमना लाल माली निर्दलीय, भैरू लाल माली भाजपा और शिवराज गुर्जर कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 5 में राजू लाल माली और राजेन्द्र जाट निर्दलीय, दशरथ सिंह राजपूत भाजपा तथा श्याम लाल बलाई कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 6 में लालाराम मीणा निर्दलीय, राम लाल मीणा भाजपा और भगवान लाल मीणा कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 7 में किशन लाल नायक निर्दलीय, अशोक कुमार जीनगर भाजपा और दीपक कुमार नायक कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 8 में प्यार चन्द रेगर, जितेन्द्र कुमार और बाबू लाल रेगर निर्दलीय, लादूलाल रेगर कांग्रेस तथा कमलेश भाजपा के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 9 में प्रियंका सोमानी, सिराजुद्दीन शाह, सलीम मोहम्मद और सुखदेव सिंह स्वर्णकार निर्दलीय, श्वेता देवी डांगी भाजपा तथा अल्का देवी लढ़ा कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 10 में सुगना देवी माली निर्दलीय, आरती गट्टानी कांग्रेस और अभिलाषा गट्टानी भाजपा की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 11 में जगदीश चन्द्र वैष्णव निर्दलीय, नील कमल पटवा भाजपा और भगवती लाल तम्बोली कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 12 में भंवर लाल और ओम प्रकाश कुमावत निर्दलीय, भारती भाजपा तथा इन्द्रा देवी झंवर कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 13 में आरती सोनी और चंचल देवी स्वर्णकार निर्दलीय, दिव्या कुमारी ब्रह्मभट्ट कांग्रेस तथा मोहिनी देवी भाजपा की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 14 में सलमा बानु, जाहिदा बानु, रेशमा बानु शेख, सपना खटीक और नाजिया बानु पठान निर्दलीय, मंजू देवी भाजपा तथा इन्जियाज बानु कांग्रेस की प्रत्याशी हैं। यह वार्ड 7 प्रत्याशियों के साथ सबसे अधिक प्रत्याशियों वाला वार्ड है।
वार्ड 15 में राधेश्याम तेली भाजपा, पवनेश ओस्तवाल निर्दलीय और किरण शर्मा कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 16 में शीतल चांवरिया निर्दलीय, देवयानी चांवरिया कांग्रेस और सोनिया हरिजन भाजपा की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 17 में शराफत हुसैन, इसराफ मोहम्मद आजाद और रिजवान सिलावट निर्दलीय, बहादुर सिंह राठौड़ भाजपा तथा रफीक मोहम्मद टाक कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।
वार्ड 18 में ताहिरा अन्जुम और शाहिन बानो निर्दलीय, सीता देवी भाजपा तथा जहरा फातिमा कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 19 में अंकिता वर्मा और पूजा देवी आंचलिया निर्दलीय, ऋतु चौहान भाजपा तथा नीलम पढ़ियार कांग्रेस की प्रत्याशी हैं।
वार्ड 20 में दुर्गेश कुमार नायक, दिलीप कुमार और प्रकाश चन्द्र धोबी निर्दलीय, लादूलाल खटीक भाजपा तथा विनोद कुमार धोबी कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।

## भाजपा-कांग्रेस के 20-20, निर्दलीय 39

अंतिम सूची के अनुसार भाजपा के 20 और कांग्रेस के 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा 39 निर्दलीय प्रत्याशी मुकाबले में हैं। सबसे ज्यादा 7 प्रत्याशी वार्ड 14 में हैं, जबकि वार्ड 9 में 6 और वार्ड 8, 17 तथा 20 में 5-5 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## अध्यक्ष पद सामान्य महिला, इसलिए हर वार्ड का समीकरण महत्वपूर्ण

मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में पार्षद चुनाव के परिणाम का असर अध्यक्ष पद के समीकरण पर भी पड़ेगा। भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबले के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों का प्रदर्शन भी चुनावी गणित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## नाम वापसी समाप्त, अब प्रचार पर जोर

नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ प्रत्याशियों की अंतिम सूची सामने आ गई है। अब 20 वार्डों में 79 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। चुनाव प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दे, प्रत्याशियों की व्यक्तिगत पकड़ और वार्डवार राजनीतिक समीकरण चुनाव की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# वृद्ध महिला को चाकू दिखाकर सोने की रामनामी-मांदलिया लूटने वाला 6 माह से फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

## कोटड़ी पुलिस ने विकास मोग्या को प्रोडक्शन वारंट पर किया अरेस्ट

### जेतपुरा रोड पर हुई थी लूट की वारदात; सह-आरोपी गोवर्धन मोग्या पूर्व में हो चुका है गिरफ्तार, मांडलगढ़ सब-जेल से आरोपी को लिया रिमांड पर

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी/भीलवाड़ा ।** जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में वांछित अपराधियों और लूट की वारदातों में लिप्त बदमाशों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोटड़ी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जेतपुरा रोड पर एक वृद्ध महिला को चाकू दिखाकर सोने के जेवरात लूटने के मामले में 6 महीने से फरार चल रहे शातिर बदमाश विशाल उर्फ विकास मोग्या को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मांडलगढ़ सब-जेल से प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### ?चाकू की नोक पर वृद्ध महिला से लूटे थे सोने के जेवर

थानाधिकारी गजेंद्र सिंह (पु.नि.) ने बताया कि 9 फरवरी 2026 को कोटड़ी थाना क्षेत्र के जेतपुरा रोड पर एक वृद्ध महिला का रास्ता रोककर बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसके गले से सोने की रामनामी और मांदलिया लूट लिया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाने में प्रकरण संख्या 30/2026 धारा 309(6), 311, 112 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

### सह-आरोपी पूर्व में गिरफ्तार, लूटा गया माल हो चुका है बरामद

वारदात के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 अप्रैल 2026 को मामले में शामिल सह-आरोपी गोवर्धन मोग्या (25) पिता लक्ष्मीचंद मोग्या (निवासी मंगलवाड़ चौराहा, थाना मंगलवाड़, जिला चित्तौड़गढ़) को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने गोवर्धन से लूटे गए सोने के जेवरात बरामद कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था, जबकि वारदात में शामिल उसका साथी विशाल उर्फ विकास मोग्या लगातार फरार चल रहा था।

### मांडलगढ़ सब-जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया रिमांड

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायल के निर्देशन एवं वृताधिकारी कोटड़ी सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल उर्फ विकास (19) पिता शोभा लाल मोग्या (निवासी भाणुजा डांग, थाना निकुम्भ, जिला चित्तौड़गढ़) को मांडलगढ़ सब-जेल से प्रोडक्शन वारंट के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी से गहन पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोटड़ी थानाधिकारी गजेंद्र सिंह (पु.नि.), सउनि उस्मान खां, कांस्टेबल लक्ष्मण (1727), कांस्टेबल बनवारी लाल (1840) एवं कांस्टेबल बजरंग लाल (1272) शामिल रहे।

# वार्ड 7 की मतदाता सूची में ग्रामीण क्षेत्र के 262 नाम, प्रत्याशियों की बढ़ी चिंता

### रतनपुरा सरदारा समेत चार ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता शहरी वार्ड की सूची में शामिल होने का दावा

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव-2026 की निर्वाचक नामावली में वार्ड संख्या 7 को लेकर नई विसंगति सामने आई है। प्रत्याशियों के अनुसार वार्ड की मतदाता सूची में ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 262 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। रतनपुरा सरदारा, थोरियों का बाडिया, भिलातों का बाडिया और लगेतों का बाडिया के मतदाताओं के नाम शामिल होने से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की चिंता बढ़ गई है। बताया गया कि भाग संख्या-1 में क्रमांक 1150 से 1172 तक रतनपुरा सरदारा, 1173 से 1242 तक थोरियों का बाडिया तथा 1243 से 1353 तक भिलातों का बाडिया के मतदाता दर्ज हैं। वहीं भाग संख्या-2 में क्रमांक 1289 से 1326 तक भिलातों का बाडिया और 1327 से 1362 तक लगेतों का बाडिया के मतदाताओं के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। वार्ड 7 में जैन कॉलोनी, सांसी बस्ती, छावनी फायर ऑफिस, ब्यावर क्लब, ए.के.एच. अस्पताल तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय सहित शहरी क्षेत्र आते हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम शहरी वार्ड की सूची में शामिल होने से निर्वाचन व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रत्याशियों का कहना है कि यदि ये नाम सूची में बने रहते हैं तो चुनावी गणित पर इसका असर पड़ सकता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं तक प्रचार और मतदान से संबंधित जानकारी पहुंचाना भी प्रत्याशियों के लिए चुनौती बनेगा। दूसरी ओर संबंधित मतदाताओं के बीच भी मतदान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने की बात कही जा रही है। प्रत्याशियों ने निर्वाचन विभाग से मतदाता सूची में दर्ज नामों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। अब देखना होगा कि चुनाव से पहले विभाग इस कथित विसंगति पर क्या कदम उठाता है।

# अपना घर वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क नेत्र शिविर पांच को

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान में 5 सितंबर को निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ कृष्णा हेड़ा नेत्र विशेषज्ञ डीएनबी द्वारा नेत्र रोगियों को परामर्श दिया जाएगा शिविर में आवास ,भोजन, दवाइयां चश्मा ,निशुल्क दिए जाएंगे शिविर चार दिवसीय आज से 8 सितंबर तक आयोजित होगा पहले दिन परामर्श दूसरे दिन नेत्र ऑपरेशन ,तीसरे दिन जांच ,चौथे दिन फॉलो अप किया जाएगा

### नाम वापसी के आखिरी दिन 86 प्रत्याशियों ने खींचे नाम

# ब्यावर नगर परिषद चुनाव में 100 प्रत्याशी मैदान से बाहर, अब साफ हुई चुनावी तस्वीर

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव-2026 के तहत नामांकन वापसी की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। नाम वापसी के अंतिम दिन 3 सितंबर को 86 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए। इससे पहले 2 सितंबर को 14 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए थे। इस प्रकार नाम वापसी की अवधि में कुल 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान से बाहर हो गए। नाम वापसी के बाद अब ब्यावर नगर परिषद के 60 वार्डों में चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन वापस लेने वालों में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के साथ बागी और निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल रहे। कई वार्डों में नाम वापसी के बाद मुकाबला सीमित प्रत्याशियों के बीच रह गया है, जबकि कुछ वार्डों में बहुकोणीय मुकाबला बना हुआ है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन विभाग ने चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। अब प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही चुनाव प्रचार अभियान भी तेज होगा और वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां जोर पकड़ेंगी।

# नरपत की खेड़ी में यूआईटी की आवासीय भूखंड योजना का ग्रामीणों ने किया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### गोचर भूमि बचाने की मांग, तीन दिन में कार्रवाई बंद नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल




**चित्तौड़गढ़, ।** ग्राम नरपत की खेड़ी में नगर विकास न्यास (यूआईटी) चित्तौड़गढ़ द्वारा विकसित की जा रही आवासीय भूखंड योजना का ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों और महिलाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर योजना को निरस्त करने तथा संबंधित भूमि को पुनः गोचर भूमि के रूप में सुरक्षित रखने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव में बड़ी संख्या में गरीब परिवार निवास करते हैं, जिनकी आजीविका और पशुपालन के लिए गोचर भूमि महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों का कहना है कि आवासीय भूखंडों की लॉटरी के माध्यम से किए जा रहे आवंटन को तत्काल निरस्त किया जाए और भूमि को पशुधन तथा ग्रामीण हितों के लिए गोचर के रूप में सुरक्षित रखा जाए। ज्ञापन में ग्राम नरपत की खेड़ी में 215 बीघा भूमि को गोचर भूमि के रूप में दर्ज करने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों ने यूआईटी द्वारा की जा रही कार्रवाई को तीन दिन के भीतर बंद करने की मांग करते हुए कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर रोड जाम, बाजार बंद, धरना-प्रदर्शन सहित आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि गोचर भूमि कम होने से पशुपालकों और गरीब परिवारों के सामने समस्या खड़ी हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से गांव के पशुधन, रोजगार और भविष्य को ध्यान में रखते हुए भूमि को सुरक्षित रखने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में गौशाला अध्यक्ष शिवरतन सालवी, वार्ड सदस्य हनुमान चौबीसा, पूर्व सरपंच रतन सुथार, पूर्व वार्ड सदस्य पन्नालाल पालीवाल, मदन वैष्णव, शुभम सालवी, पवन सालवी, प्रेम माली, नानालाल माली, मोतीलाल माली, प्रकाश पुरोहित, रामलाल चौबीसा, मदन चौबीसा एवं सुनील तेली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नरपत की खेड़ी की गोचर भूमि को संरक्षित करते हुए गांव के पशुधन और गरीब परिवारों के हितों की रक्षा की जाए।

# नगर निकाय चुनाव में 35 वार्डो में कुल 97 प्रत्याशी मैदान तैनात है

### भाजपा व कोंग्रेस के बिगाड़ सकते हैं समीकरण

स्मार्ट हलचल

**सांगोद** 3 सितम्बर को सांगोद नगर पालिका के वार्ड संख्या 1 से 35 तक भरे गए नामांकन वापसी का समय गुजरने के बाद स्थिति अब साफ हो गई है,अब कौनसे वार्ड में किसी के बीच सीधी टक्कर होगी।वहीं कई वार्डो में भारी कशमकश व मान मनुहार के बाद भी निर्दलीय नाम वापसी के लिए राजी नहीं हुए तथा ऐसे कई बागी जो टिकट नहीं मिलने से रूष्ठ थे,अब वह भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों के लिए जीत का अंतर कम करने का काम करेगें।एनवक्त तक ऐसे बागियों को मनाने के प्रयत्न भाजपा व कांग्रेस के दिग्गजों द्वारा किए जाते रहे लेकिन टिकट नहीं मिलने की नाराजगी उनके मंसूबों को पूरा नहीं कर सकी,वहीं कई बागी दबाव पडने की स्थिति को भांपते हुए एक दिन पूर्व ही भूमिगत हो गए थे,ऐसे बागी दूसरे दिन अंतिम समय भी भाजपा व कांग्रेस के दिग्गजों की नजरे से दूर रहे।चुनाव शाखा अधिकारी राधेश्याम पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि 108 प्रत्याशियों में से गुरूवार को 11 निर्दलीयों ने अपने नामांकन वापस लिए,इससे पूर्व बुधवार को भी 7 नामांकन वापस लिए गए थे,इस प्रकार कुल नामांकन वापस लेने वालों की संख्या अब बढकर 18 हो गई है, अब केवल 97 प्रत्याशी मैदान में रहे है । किन वार्डो में किसने लिया नाम वापसः-नगर पालिका सांगोद के वार्ड संख्या 2 से अशोक कुमार,वार्ड 7 से सीताराम,वार्ड 8 से रामावतार,वार्ड 15 से असलम हुसैन,असगर हुसैन अंसारी,वार्ड 20 से मनीष रेगर,वार्ड 21 नोमिनेष वैष्णव,जितेश सुमन,वार्ड 23 वेकेटेश्वर,वार्ड 26 मोहम्मद जुबैर,मोहम्मद आदिल खान,वार्ड 28 से शाहिना बानों,वार्ड 29 कंचन शर्मा,वार्ड 32 हरिओम नामा,वार्ड 33 दृष्टि सुमन,ममता शर्मा,वार्ड 35 से भवानीशंकर,देवकीनंदन रेगर ने अपने नामांकन वापस ले लिए है,इसके बाद इन वार्डो में अब शेष बचे प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।

# मुख्य अभियंता ने किया बागोलिया फीडर निर्माण कार्य का निरीक्षण

### गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर, 17 गांवों की 3676 हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई जल

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत कार्यों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, गुणवत्ता नियंत्रण एवं सतर्कता, जयपुर जितेन्द्र दीक्षित ने बागोलिया फीडर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बागोलिया फीडर का निर्माण उदयसागर बांध की बायीं मुख्य नहर की आरडी 14.40 किलोमीटर से किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना के तहत करीब 27.615 किलोमीटर लंबाई के फीडर का निर्माण किया जाएगा। फीडर की जल वहन क्षमता 138 क्यूसेक निर्धारित की गई है। इसके माध्यम से बागोलिया बांध के कमांड क्षेत्र में आने वाले 17 गांवों की लगभग 3676 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जा सकेगा।




## निर्माण सामग्री की नियमित जांच के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता जितेन्द्र दीक्षित ने मौके पर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने निर्माण कार्य में निर्धारित गुणवत्ता मानकों की पूर्ण पालना, निर्माण सामग्री की नियमित जांच तथा स्वीकृत डिजाइन एवं तकनीकी विशिष्टताओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, अधीक्षण अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण एवं सतर्कता वृत्त उदयपुर राजकुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता देवपाल सिंह सुमन, अधिशाषी अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण उदयपुर रमेश चौधरी, सहायक अभियंता नितेश नायक, कनिष्ठ अभियंता सहित कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दधीचि जयंती की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, 13 को रक्तदान शिविर

### युवा शक्ति की सामाजिक भागीदारी पर जोर, पूर्व यूआईटी चेयरमैन रामपाल शर्मा ने किया पोस्टर विमोचन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** महर्षि दधीचि जयंती को लेकर दाधीच समाज के युवाओं ने सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 सितंबर को मनाई जाने वाली जयंती के उपलक्ष्य में 13 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। युवा जिला अध्यक्ष, जिला दाधीच मंडल भीलवाड़ा कुश आचार्य ने बताया कि रक्तदान शिविर सहित समाज के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में पूर्व यूआईटी चेयरमैन रामपाल शर्मा ने जयंती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया और आयोजन का निमंत्रण स्वीकार किया। उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर युवा साथी लोकेश भट्ट, नीरज दाधीच, धर्मेंद्र दाधीच, जितेंद्र दाधीच, रोहित दाधीच, चंद्रशेखर दाधीच, विकास जोशी, आदित्य ओझा सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

# लगातार अभ्यास कर जिले पर बने विजेता - माली

### थलकलां में विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**काछोला** -क्षेत्र के थलकला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने गेनोली में 70 वीं 17 वर्षीय कबड्डी छात्र मांडलगढ़ ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे।इसको लेकर प्रधानाचार्य रामप्रसाद माली ने विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया और कहा कि लगातार नियमित अभ्यास कर गांव,तहसील और विद्यालय का नाम रोशन करे और कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल आवश्यक है खेल से अनुशासन,निर्णय लेने की क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।शारीरिक शिक्षक मदन लाल मीणा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में टीम के विजेता के साथ साथ बेस्ट प्लेयर भी थलकला विद्यालय के नंद लाल कहार को घोषित किया।स्वागत समारोह में विद्यालय परिवार के साथ साथ एसडीएमसी,एसएमसी सदस्य सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



# ग्राम हुँकण चाँदा की थुणी से माँ आशावरी की चतुर्थ पदयात्रा रवाना



स्मार्ट हलचल

**चाकसू** / भरत देवड़वाल। ग्राम हुँकण उर्फ चाँदा की थुणी से चाँदा गोत्र की कुलदेवी माता आशावरी की चतुर्थ पदयात्रा विधि-विधान के साथ रवाना हुई। यात्रा से पूर्व समस्त ग्रामवासियों रामकेश चाँदा, रामस्वरूप चाँदा, रंगलाल चाँदा, रामरतन चाँदा, फैलीराम चाँदा, प्रकाश कुमार सहित सभी ग्रामवासियों ने ध्वज का पूजन किया। 3 सितंबर 2026 को ध्वज पूजन के बाद पदयात्रा रवाना हुई। रात्रि विश्राम दांतली-सिरोली में होगा। शुक्रवार 4 सितंबर 2026 को पदयात्रा खोह गंग, जयपुर स्थित माँ आशावरी के दरबार में पहुंचेगी, जहाँ माता के दर्शन-पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा। ग्रामीणों में यात्रा को लेकर भारी उत्साह है।

### पीपलू निकाय चुनाव

# नाम वापसी में 15 प्रत्याशियों ने छोड़ा चुनावी मैदान, 14 निर्दलीय और RLP का एक उम्मीदवार शामिल

स्मार्ट हलचल

**पीपलू ।** नगर निकाय चुनाव में नाम वापसी के दौरान कुल 15 अभ्यर्थियों ने चुनावी मैदान छोड़ दिया है। इनमें 14 निर्दलीय प्रत्याशी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) का एक प्रत्याशी शामिल है। नाम वापसी के बाद विभिन्न वार्डों में चुनावी मुकाबले की तस्वीर और साफ हो गई है।

### निर्दलीय अभ्यर्थियों में नाम वापसी करने वाले प्रत्याशी–

वार्ड 2 से रोहित मीणा ने नाम वापस लिया।
वार्ड 4 से हरिराम, राकेश गुर्जर और रामकल्याण चौधरी ने चुनाव से नाम वापस लिया।
वार्ड 5 से उर्मिला जाट ने नाम वापस लिया।
वार्ड 6 से साहिल मीणा ने नामांकन वापस लिया।
वार्ड 7 से दीपक कुमार वैष्णव ने चुनावी मैदान छोड़ दिया।
वार्ड 8 से रानू लक्षकार और दिव्या जैन ने नाम वापस लिया।
वार्ड 11 से मुकेश प्रजापत ने नाम वापस लिया।
वार्ड 14 से जीतराम मीणा ने चुनावी मैदान छोड़ दिया।
वार्ड 18 से बेनी प्रसाद चन्देल, किशनगोपाल नायक और केशव कुमार ने नाम वापस लिया।
इस प्रकार कुल 14 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नाम वापस लेकर चुनावी मैदान छोड़ दिया।
वहीं, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के वार्ड 6 से प्रत्याशी कालूराम ने भी अपना नाम वापस ले लिया।
नाम वापसी के बाद अब पीपलू नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के बीच मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

# खेतों के कुओं व ट्यूबवेल से मोटर-केबल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## आसींद पुलिस ने 6 शातिर चोर दबोचे, करीब 20 वारदातों का कबूलनामा

### ब्राह्मणों की सरेरी सहित कई क्षेत्रों में किसानों को बनाया था निशाना; सादा वस्त्रों में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने दबोचा, चार अलग-अलग मुकदमों में थे वांछित

स्मार्ट हलच

**आसींद/भीलवाड़ा** जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के आदेशानुसार खेतों में सिंचाई कुओं और ट्यूबवेल से मोटर व केबल चोरी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत आसींद थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आसींद थाना क्षेत्र में करीब 20 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।




### ब्राह्मणों की सरेरी में किसान की केबल व मोटर चोरी पर दर्ज हुआ था मामला

पुलिस के अनुसार 12 अगस्त 2026 को प्रार्थी गौरीशंकर व्यास (निवासी ब्राह्मणों की सरेरी) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 अगस्त की शाम जब वे पशुओं का चारा लेने खेत पर पहुंचे, तो ट्यूबवेल की 3 एचपी की मोटर और करीब 354 फीट केबल गायब मिली। अज्ञात चोर पाइप को जगह-जगह से काटकर मोटर व केबल चुरा ले गए थे। क्षेत्र के अन्य किसानों से भी कुओं व ट्यूबवेल से केबल-मोटर चोरी की अलग-अलग रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने कुल 4 प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सादा वस्त्रों में रात्रि गश्त कर पुलिस ने दबोचा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुधराज खटीक के निर्देशन एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत आसींद जयसिंह के नेतृत्व में थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी (पु.नि.) की अगुवाई में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सादा वस्त्रों में रात्रि के समय खेतों और संदिग्ध रास्तों पर सघन गश्त की। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए 6 युवकों को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की, तो उन्होंने थाना सर्कल में 20 से अधिक स्थानों पर चोरी की वारदातें करना कबूल कर लिया। पुलिस अब आरोपियों से चोरी का माल बरामद करने व अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:**

मोहन (28) पिता छीतर बागरिया, निवासी धूवाला गोकलपुरा (थाना मांडल), हाल निवासी गणेशपुरा (थाना शंभुगढ़)। गोपाल (25) पिता मोहन बागरिया, निवासी मालासेरी (थाना आसींद)। प्रकाश (20) पिता कालू बागरिया, निवासी गणेशपुरा (थाना शंभुगढ़)। पोखर (22) पिता उगमा बागरिया, निवासी नारडा रामपुरिया (थाना शंभुगढ़)। सांवरिया उर्फ सांवरलाल (24) पिता तेजू बागरिया, निवासी मालासेरी (थाना आसींद)। रामस्वरूप (20) पिता हरदेव बागरिया, निवासी बेरण (थाना आसींद), हाल निवासी गणेशपुरा।

**सराहनीय भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम**

गिरोह को बेनकाब करने वाली टीम में आसींद थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी (पु.नि.), उपनिरीक्षक कुन्दन सिंह, सउनि उमराव प्रसाद, हैड कांस्टेबल नरपत सिंह (1465), कांस्टेबल धर्मीचन्द (1372 - विशेष योगदान), कांस्टेबल भानूप्रकाश (699 - विशेष योगदान) तथा कांस्टेबल राहुल (628), महेन्द्र सिंह (580), सुरेन्द्र कुमार (2092), कमलेश कुमार (186), सीताराम (956), गणपत (127) व सन्नी कुमार (1021) शामिल रहे।

## जोधपुर मिष्ठान भण्डार में 25 किलो 'दूषित' मिल्क केक पकड़ा!

# खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप, केक नष्ट कराया; मिर्च-हल्दी सहित चार खाद्य पदार्थों के सैम्पल भरे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** जिले में मिलावटखोरी और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। कोटड़ी चौराहा, सवाईपुर स्थित मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भण्डार के निरीक्षण के दौरान टीम को 25 किलो मिल्क केक दूषित मिला। विभाग ने इसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

कार्रवाई के दौरान टीम ने प्रतिष्ठान से मिल्क केक और गुलाब जामुन के नमूने भी लिए। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। अब प्रयोगशाला रिपोर्ट से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

### त्रिवेणी चौराहे पर भी पहुंची टीम

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इसी अभियान के तहत पारवानी ट्रेडर्स, त्रिवेणी चौराहा का भी निरीक्षण किया। यहां से मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने लिए गए। इस तरह अभियान के दौरान कुल चार खाद्य पदार्थों के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं।





### रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई

विभाग के अनुसार सभी नमूनों को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव एवं साक्षी जैन कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटखोरी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों की बिक्री के खिलाफ निरीक्षण एवं सैम्पलिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ी जिम्मेदारी

खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ने के साथ विभाग की निगरानी भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आमजन से अपील की गई है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेजिंग, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और गुणवत्ता की जांच जरूर करें। मिलावट की आशंका होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यालय के दूरभाष 01482-232643 पर सूचना दी जा सकती है। फिलहाल 25 किलो मिल्क केक नष्ट कराया जा चुका है, जबकि लिए गए चार नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जांच में लिए गए खाद्य पदार्थ निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों पर कितने खरे उतरते हैं।

# तस्वीर साफ: नगर निगम सहित 5 नगरपालिकाओं में कुल 108 प्रत्याशियों ने वापस लिए नाम

### नगर निगम उदयपुर में 52 प्रत्याशियों ने छोड़ा चुनाव मैदान

**जिले में कुल 521 प्रत्याशी पार्षद बनने की दौड़ में**

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर, ।** नगर निकाय चुनाव - 2026 के तहत चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत गुरूवार को नाम वापसी के अंतिम अवसर के साथ चुनावी मैदान की तस्वीर साफ हो गई है। जिले में उदयपुर नगर निगम सहित 5 नगरपालिकाओं में कुल 108 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस ले लिए। अब जिले में कुल 521 प्रत्याशी शहरी सरकार का हिस्सा बनने के लिए चुनाव मैदान में शेष हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर नगर निगम में कुल 272 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए थे। इनमें से 52 ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। अब निगम के 80 वार्डों के लिए 220 प्रत्याशी शेष हैं। इसी प्रकार नगरपालिका कानोड़ में कुल 57 वैध नामांकन में से 5 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस लिए। अब 20 वार्डों के लिए 52 प्रत्याशी हैं। भीण्डर में 65 वैध नामांकनों में से 7 ने नाम निर्देशन पत्र वापस लिए। वहां अब 25 वार्डो के लिए 58 प्रत्याशी, मावली में 71 में से 12 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने से 20 वार्डों में 59 प्रत्याशी, फतहनगर-सनवाड़ में 88 में से 23 के नाम वापस लेने से 25 वार्डों में 65 तथा वल्लभनगर में 76 में से 9 की नाम वापसी के बाद अब 20 वार्डों के लिए 67 प्रत्याशी शेष हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। नाम निर्देशन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तय थी। तब तक उदयपुर नगर निगम सहित जिले की सभी निकायों में कुल 845 प्रत्याशियों ने 931 पर्चे दाखिल किए थे। इनमें नगर निगम उदयपुर में 333 प्रत्याशियों ने 379 नामांकन, भीण्डर में 88 उम्मीदवारों ने 95, वल्लभनगर में 117 प्रत्याशियों ने 126, मावली में 102 उम्मीदवारों ने 108, फतहनगर सनवाड़ में 128 प्रत्याशियों की ओर से 146 तथा कानोड़ में 77 प्रत्याशियों ने 77 नाम निर्देशन पत्र जमा कराए थे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान जिले में कुल 266 नामांकन पत्र निरस्त हुए थे। इसमें उदयपुर नगर निगम में सबसे ज्यादा 74, फतहनगर-सनवाड़ में 58, वल्लभनगर में 50, मावली में 36, भींडर में 28 तथा कानोड़ में 20 नामांकन पत्र निरस्त हुए।

# 72 घंटे से अंधेरे में सिसोला, ग्रामीणों का सब्र टूटा: देर रात फीडर पर पहुंचकर दिया धरना



स्मार्ट हलचल

**पीपलू /** ग्राम सिसोला में पिछले तीन दिनों यानी 72 घंटे से लगातार बिजली बंद रहने से ग्रामीणों का सब्र आखिरकार टूट गया। बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से परेशान ग्रामीण देर रात डारडा तुर्की फीडर पर पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

### बिजली बंद, पानी का संकट और उमस से बेहाल ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगातार बिजली आपूर्ति ठप रहने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। बिजली नहीं आने के कारण पेयजल संकट भी गहरा गया है, वहीं भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों का रात बिताना मुश्किल हो रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है।

### देर रात फीडर पर पहुंचे दर्जनों ग्रामीण

रात के अंधेरे में ही बड़ी संख्या में ग्रामीण डारडा तुर्की फीडर पर जमा हो गए। उन्होंने धरने पर बैठकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द बिजली सप्लाई शुरू करने की मांग की। धरने पर देवलाल, प्रहलाद मीणा, राजाराम मीणा, धनेश मीणा, विनोद मीणा, विष्णु खंगार, मनीष मीणा, योगेश जाट और कालू स्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।






# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के सीएसएमटी से सावंतवाड़ी रोड तक नई ट्रेन सेवा को रवाना किया

**कोंकण क्षेत्र में रेल संपर्क को मजबूत करने और ठाणे, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और इस मार्ग पर स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्रियों की सुविधा के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू की गई**

**गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए 370 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी: श्री अश्विनी वैष्णव**

स्मार्ट हलचल




**कोटा।** रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और अन्य गणमान्य हस्तियों ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और सावंतवाड़ी रोड के बीच नई ट्रेन की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मुंबई और कोंकण क्षेत्र के बीच सीधी रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई रेल सेवा मुंबई और कोंकण क्षेत्र के कई प्रमुख शहरों के बीच लगभग 510 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए एक महत्वपूर्ण सीधी रेल संपर्क प्रदान करेगी। व्यापक स्टॉपेज नेटवर्क के साथ, यह सेवा रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए लाभदायक होगी। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह नई रेल सेवा मुंबई और कोंकण के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुगमता के लिए इस वर्ष 350 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर 370 करने की भी व्यवस्था की गई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और सावंतवाड़ी के बीच नई दैनिक ट्रेन सेवा की शुरुआत से महाराष्ट्र के लोगों को, खासकर, आगामी गणेश उत्सव के दौरान अपार खुशी मिली है। श्री गोयल ने कहा कि यह नई सेवा केवल एक और ट्रेन की शुरुआत नहीं है, बल्कि कोंकण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री गोयल ने कहा कि यह नई सेवा मुंबई और कोंकण के बीच सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय यात्रा प्रदान करके लाखों परिवारों को जोड़ने में सहायक होगी। श्री गोयल ने यह भी कहा कि इस मार्ग पर माल ढुलाई बढ़ने से मछुआरे और अन्य स्थानीय उत्पादक अपना माल मुंबई तक पहले से अधिक तेजी से पहुंचा सकेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर संपर्क से कोंकण में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और युवाओं को काम की तलाश में पलायन करने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने इससे छात्रों, कर्मचारियों और परिवारों को होने वाले लाभों की ओर भी इशारा किया। श्री गोयल ने कहा कि कोंकण के जो लोग मुंबई में पढ़ाई या काम करते हैं, वे अपने परिवारों से बेहतर संपर्क बनाए रख सकेंगे और यात्रा करना उनके लिए अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से कोंकण के लोगों के लिए मुंबई में उच्च शिक्षा के अवसर और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हो जाएंगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह नई सेवा कोंकण के लोगों, प्रवासी श्रमिकों और गणेश उत्सव के दौरान अपने पैतृक स्थानों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा उपहार है। श्री शिंदे ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, वंदे भारत ट्रेनों और देश भर में रेलवे नेटवर्क के विस्तार सहित रेलवे की कई प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से 741 किलोमीटर लंबे कोंकण रेलवे मार्ग के रिकॉर्ड समय में विद्युतीकरण के पूरा होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से पर्यावरण के अनुकूल यात्रा संभव हुई है और ट्रेनों की गति में वृद्धि हुई है।

## यात्रियों के लिए सुविधाजनक समय

यह ट्रेन सीएसएमटी से रात 11:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 2:15 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, ट्रेन सावंतवाड़ी रोड से शाम 5:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 6:40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। सुविधाजनक समय के कारण यात्री मुंबई से कोंकण की ओर रात भर की यात्रा कर सकेंगे और सुबह जल्दी मुंबई लौट सकेंगे।

यह ट्रेन प्रतिदिन ट्रेन संख्या 15087 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सावंतवाड़ी रोड एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 15088 सावंतवाड़ी रोड-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी।

### कोंकण क्षेत्र में व्यापक संपर्क व्यवस्था

यह सेवा कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें शामिल हैं:- दादर, ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मनगांव, वीर, खेड़, चिपलुन, सवर्दा, अरावली रोड, संगामेश्वर रोड, रत्नागिरि, अदावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव, कंकावली, सिंधुदुर्ग, कुदाल,सावंतवाड़ी रोड। इस व्यापक ठहराव व्यवस्था से यात्रियों को न केवल सावंतवाड़ी बल्कि कोंकण क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कस्बों और इलाकों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

### पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा

इस नई रेल सेवा से रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, कंकावली, कुदल और सावंतवाड़ी जैसे पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क में सुधार होने से कोंकण क्षेत्र में पर्यटन को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बेहतर रेल संपर्क से पर्यटकों की यात्रा सुगम होगी और साथ ही स्थानीय पर्यटन से जुड़े व्यवसायों और सेवाओं के लिए अधिक अवसर पैदा होंगे।

यह सेवा मुंबई और कोंकण के बीच एक अतिरिक्त भरोसेमंद रेल विकल्प प्रदान करके छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों, परिवारों और अन्य नियमित यात्रियों को भी लाभ पहुंचाएगी। लोगों की आवाजाही में सुधार से मुंबई और इस क्षेत्र के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

यह ट्रेन विशेष रूप से त्योहारों, छुट्टियों और पर्यटन सीजन के दौरान अतिरिक्त यात्रा क्षमता प्रदान करने की उम्मीद है। इस दौरान मुंबई और कोंकण के बीच यात्रियों की मांग में काफी वृद्धि होती है। यह सेवा एलएचबी रेक के साथ संचालित होगी, जिससे यात्रियों को आधुनिक और आरामदायक यात्री कोच मिलेंगे।

## प्रमुख रेल परियोजनाएं मुंबई की क्षमता और महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी

मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के बारे में बात करते हुए, श्री वैष्णव ने इस बात पर जोर दिया कि क्षमता बढ़ाने और यात्री सेवाओं में सुधार के लिए कई बड़े कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में लगभग 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे 12 डिब्बों वाली ट्रेनों के लिए बने प्लेटफार्मों को 15 डिब्बों वाली ट्रेनों के लिए समायोजित करने हेतु व्यवस्थित रूप से विस्तारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से उपनगरीय रेलवे प्रणाली की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और मुंबईवासियों के दैनिक जीवन में सुधार आएगा। श्री वैष्णव ने आगे बताया कि रेलवे मुंबई उपनगरीय नेटवर्क की क्षमता और दक्षता में और सुधार करने के लिए मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम को आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम में अपग्रेड कर रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि मुंबई की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए 238 नए एसी लोकल ट्रेन रैक भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि पहली एसी लोकल ट्रेन की डिलीवरी 2027 में शुरू होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे मुंबई उपनगरीय रेलवे प्रणाली में अत्याधुनिक वातानुकूलित लोकल ट्रेनों, बढ़ी हुई क्षमता और बेहतर यात्री सुविधा के साथ एक बड़ा बदलाव आएगा। समर्पित माल ढुलाई गलियारों के विषय पर चर्चा करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे देश की एक प्रमुख ताकत हैं। उन्होंने बताया कि दोनों माल ढुलाई गलियारे अब 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं। श्री वैष्णव ने केंद्रीय बजट में घोषित नए पूर्व-पश्चिम समर्पित माल ढुलाई गलियारे का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रेलवे डंकुनी से सूरत तक नए गलियारे को इस तरह से डिजाइन कर रहा है जिससे विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों को रेल संपर्क मिलेगा, साथ ही यह गलियारा वर्धा और नासिक बंदरगाह से भी जुड़ेगा, जिससे महाराष्ट्र में औद्योगिक और ग्रामीण विकास के लिए एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना पर श्री वैष्णव ने कहा कि काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समुद्र के नीचे बन रही रेल सुरंग के निर्माण का विशेष उल्लेख किया, जो बीकेसी और ठाणे को जोड़ेगी। वर्तमान में, विक्रोली और घंसोली से दो सुरंग खोदने वाली मशीनें सुरंग पर काम कर रही हैं। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नरवेकर, महाराष्ट्र सरकार में बंदरगाह विकास और मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे और मुंबई की महापौर रितु तावड़े सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# चुनाव से हटने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के घर पहुंचे 1 लाख रुपए, पुलिस ने किए जब्त

**भीलवाड़ा नगर निगम के वार्ड 49 में हड़कंप, भाजपा प्रत्याशी पर चुनाव से हटने के लिए रुपए देने का आरोप; थाने पहुंचा निर्दलीय प्रत्याशी**

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा, ।** नगर निगम चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन प्रत्याशियों को अपने पक्ष में करने की राजनीतिक कोशिशों के बीच भीलवाड़ा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नगर निगम के वार्ड नंबर 49 से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रोहित कुमार सैन ने आरोप लगाया है कि उन्हें चुनाव मैदान से हटाने के लिए उनके घर पर एक लाख रुपए छोड़कर जाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने के बाद भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रोहित की निशानदेही पर घर से एक लाख रुपए बाआमद कर लिए। मामले को लेकर रोहित कुमार सैन ने भीमगंज थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस अब पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और घर तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### भाजपा से टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय उतरे रोहित

निर्दलीय प्रत्याशी रोहित कुमार सैन ने बताया कि उन्होंने वार्ड 49 से भाजपा से टिकट मांगा था, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

रोहित का आरोप है कि अमित सारस्वत लगातार उन्हें चुनाव से हटने के लिए मनाने का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए कई लोगों से फोन भी करवाए गए। गुरुवार को अमित उनके घर पहुंचे और हाथ जोड़कर चुनाव से हटने की बात कही।

रोहित के अनुसार उन्हें कहा गया कि यदि वे चुनाव मैदान में बने रहते हैं तो कांग्रेस प्रत्याशी को इसका फायदा मिल सकता है। उन्होंने चुनाव से हटने से साफ इनकार कर दिया।

### मैंने रुपए नहीं मांगे, पलंग पर रखकर चला गया

रोहित सैन ने बताया कि इसके बाद अमित दोबारा उनके घर आए। उन्होंने फोन पर कहा कि वह यहां एक लाख रुपए छोड़कर जा रहे हैं और जरूरत होने पर और रुपए भी भेज सकते हैं।

रोहित के मुताबिक उन्होंने पूछा कि आखिर उन्होंने रुपए कब मांगे थे, लेकिन इसके बाद फोन काट दिया गया। उनका आरोप है कि उनके घर के पलंग पर एक लाख रुपए रखकर व्यक्ति वहां से चला गया।

रोहित ने कहा कि उन्होंने न तो किसी से रुपए मांगे थे और न ही चुनाव से हटने के बदले किसी प्रकार की राशि की मांग की थी।

### पुलिस ने घर से बरामद किए एक लाख रुपए

भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि माणिक्य नगर निवासी रोहित सेन की ओर से रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार अमित नाम का व्यक्ति सुबह उनके घर आया था। उस समय रोहित की पत्नी खाना बना रही थी। आरोप है कि वह कमरे में एक लाख रुपए रखकर चला गया।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रोहित की निशानदेही पर घर से एक लाख रुपए बरामद कर लिए।


थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नाम वापसी के अंतिम दिन मामला चर्चा में

नगर निगम चुनाव में नाम वापसी का गुरुवार को अंतिम दिन है। ऐसे में राजनीतिक दलों की ओर से निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने पक्ष में करने के लिए मान-मनुहार का दौर चल रहा है। इसी बीच वार्ड 49 का यह मामला सामने आने से चुनावी माहौल गरमा गया है।

हालांकि, पूरे घटनाक्रम में रुपए किस उद्देश्य से दिए गए और आरोपों की वास्तविकता क्या है, यह पुलिस जांच और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# जन्माष्टमी पर नन्हे-मुन्नों ने बिखेरे रंग, विचित्र वेशभूषा में दिखी प्रतिभा



स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** जन्माष्टमी के अवसर पर बाल मन्दिर नर्सरी एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एलकेजी से कक्षा प्रथम तक के विद्यार्थियों के लिए विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। प्राचार्या श्रीमती अजयरानी माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने पर्यावरण, देवी-देवता, पशु-पक्षी, कम्युनिटी हेल्पर, स्वतंत्रता सेनानी, फल एवं सब्जियों सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक वेशभूषा धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. दीपाली लाल, ऋतु जाजू एवं दीक्षा शामिल रहीं। प्रतियोगिता में कक्षा प्रेप की युवाना भाटी ने प्रथम, यूकेजी की वैदर्शी ने द्वितीय तथा यूकेजी की ऋत्वी भाटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिशा, पूर्विका, वेदही, नव्या देवड़ा, जियान्सी, क्रिस्टी भाटी, लक्षिता चौहान, अवनी शर्मा, दित्या भाटी तथा कक्षा प्रथम की पूर्विका को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

**तस्करों की कार से 40.450 किलो डोडा पोस्त बरामद**

# पुलिस को पीछा करते देख बलाड़ रोड पर झाड़ियों में कार छोड़कर फरार हुए तस्कर

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ब्यावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 40.450 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मारुति ब्रेजा कार को भी जब्त किया है। यह कार्रवाई जिला स्पेशल टीम एवं ब्यावर सिटी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी ब्यावर शहर नरेश पारिक के सुपरविजन में 3 सितंबर को जिला स्पेशल टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि विजयनगर की ओर से आ रही सफेद रंग की मारुति ब्रेजा कार में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर स्पेशल टीम ने सेंदरिया पुलिया के पास नाकाबंदी कर निगरानी शुरू की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार विजयनगर की ओर से आती दिखाई दी। टीम ने कार का पीछा करते हुए ब्यावर सिटी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस की घेराबंदी के बीच तस्कर बलाड़ रोड पर झाड़ियों के पास कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो उसकी डिक्की में डोडा पोस्त भरा मिला। तौल करने पर कुल 40.450 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ और कार जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरार तस्करों की तलाश एवं मामले में अनुसंधान जारी है। कार्रवाई टीम में ब्यावर सिटी थानाधिकारी आशुतोष पांडे, जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजदीपेन्द्र सिंह, एएसआई रामजस व जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भवानी सिंह तथा कांस्टेबल सुरेन्द्र, मनुपाल, शोभाग राम, अशोक कुमार और अभय सिंह शामिल रहे।

**4 सितंबर को खुलेगा चुनावी रण का पूरा पत्ता!**

# चुनाव चिन्ह मिलते ही शुरू होगा असली सियासी खेल, बागियों की ताकत और दावेदारों का दम भी होगा साफ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निकाय चुनाव 2026 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। 4 सितंबर को चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही वार्डों में चुनावी जंग की असली तस्वीर सामने आ जाएगी। नामांकन और नाम वापसी के बाद मैदान में बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रचार अभियान पूरी रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के अनुसार, 4 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम रूप से चुनाव मैदान में डटे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नगर निगम भीलवाड़ा सहित जिले की सभी 10 नगर पालिकाओं में संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों पर सुबह 10 बजे से चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी।




### अब टिकट नहीं, वोट की असली लड़ाई

चुनाव चिन्ह मिलते ही राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशियों के साथ-साथ निर्दलीय और बागी उम्मीदवारों की असली परीक्षा शुरू होगी। टिकट नहीं मिलने से नाराज दावेदारों ने यदि मैदान नहीं छोड़ा तो कई वार्डों में मुकाबला सीधे दो दलों के बीच न रहकर त्रिकोणीय या बहुकोणीय हो सकता है।

### किसका बागी बिगाड़ेगा गणित?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरे उम्मीदवार किसका खेल बिगाड़ेंगे? भाजपा-कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने निर्दलीयों की चुनौती कई वार्डों में जीत-हार का गणित बदल सकती है। चुनाव चिन्ह के बाद प्रत्याशियों की पहचान मतदाताओं तक सीधे पहुंचने लगेगी और इसके साथ ही घर-घर संपर्क, बैठकों और शक्ति प्रदर्शन का दौर तेज होगा।

### 4 सितंबर के बाद हर वार्ड बनेगा सियासी अखाड़ा

नामांकन की औपचारिकता पूरी होने के बाद अब नजरें वार्डवार समीकरण, प्रत्याशियों के जनाधार, पार्टी की पकड़ और बागियों के प्रभाव पर टिक गई हैं। कौन प्रत्याशी पार्टी के वोट बैंक को अपने पक्ष में खींच पाता है और कौन निर्दलीय समीकरणों में सेंध लगाता है, इसका फैसला अब चुनाव प्रचार के दौरान होगा।

कुल मिलाकर 4 सितंबर सिर्फ चुनाव चिन्ह आवंटन की तारीख नहीं, बल्कि भीलवाड़ा के नगर निकाय चुनाव में 'असली चुनावी मुकाबले' के आगाज का दिन साबित होने जा रही है।

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर रोटरी क्लब पद्मिनी ने किया शिक्षकों का सम्मान

## तीन शिक्षण संस्थानों में 78 शिक्षकों को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब पद्मिनी, कोटा ने शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। क्लब की सदस्य पीयूषा न्याती के सहयोग से एमडी मिशन कॉलेज, लॉरेंस एंड मेयो स्कूल एवं जेडीबी कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित कर शिक्षा और समाज निर्माण में उनके योगदान को सराहा गया। आयोजित सम्मान समारोहों में एमडी मिशन कॉलेज के 26, लॉरेंस एंड मेयो स्कूल के 17 तथा जेडीबी कॉलेज के 35 शिक्षकों सहित कुल 78 शिक्षकों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने बताया कि एमडी मिशन ग्रुप ऑफ कॉलेजे की निदेशक एवं शिक्षा विषय में पीएचडी रोटेरियन रश्मि दाधीच, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पीएचडी रोटेरियन शशि अग्रवाल, लॉरेंस एंड मेयो स्कूल के निदेशक एवं सर्वोदय स्कूल्स के अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। जेडीबी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सीमा चौहान सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रेरणा शर्मा, राजेंद्र माहेश्वरी एवं सपना बटला की उपस्थिति रही। क्लब की ओर से रोटेरियन पीयूषा न्याती के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रमों में रोटेरियन सोनिया लखोटिया, प्रीति आनंद सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब पद्मिनी की अध्यक्ष रोटेरियन दीप्ति राजावत ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को प्रेरणा, आत्मविश्वास और सही दिशा भी प्रदान करते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

## डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने झुंझुनूं में ली अपराध समीक्षा बैठक

# आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

स्मार्ट हलचल



**जयपुर, ।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं के रिजर्व पुलिस लाईन सभागार में जिले की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में आईजी राहुल प्रकाश, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर सहित जिले के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा परिवादियों के साथ सदैव विनम्र एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने, पुलिस थानों के स्वागत कक्षों में साफ-सफाई के साथ बिजली एवं पानी की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर एवं सक्रिय अपराधियों पर पूर्ण निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी एवं नियमानुसार कार्रवाई करने, आगामी नगरीय निकाय चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने देने के लिए प्रभावी सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सीएलजी एवं युवा सीएलजी सदस्यों के साथ निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

**आसूचना तंत्र अपडेट रखने के निर्देश :**

डीजीपी ने प्रत्येक गांव एवं मोहल्ले की आपराधिक गतिविधियों तथा पीड़ित व्यक्तियों से संबंधित जानकारी को अपडेट रखने, आसूचना तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने, यातायात व्यवस्था में सुधार एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रभावी प्रयास करने तथा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

**सीएलजी सदस्यों से किया संवादः**

बैठक उपरांत पुलिस थाना सदर झुंझुनूं में युवा सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय, अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार परिसर में पौधारोपण किया गया।

**सदर थाने का किया निरीक्षणः**

इस दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस थाना सदर झुंझुनूं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना परिसर, स्वागत कक्ष, हवालात, मालखाना एवं कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही पुलिस सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने थाने पर आने वाले परिवादियों के साथ संवेदनशीलता एवं शालीनता से व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिला स्पेशल टीम एवं थाना सीमलिया की स्पेशल टीमों ने मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी

## परिवहन के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही करते हुए की एक और बडी कार्यवाही

स्मार्ट हलचल



**कोटाः** जिला कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा थाना सीमलिया क्षेत्र में की गई अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी/परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते 8.688 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की पकडी बडी खेप एव तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार आरजे 21 सीए 8439 को किया जप्त। जप्त किये गये अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं वाहन की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 10 लाख रूपये है। श्री सुजीत शंकर, पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी / परिवहन में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध 'ऑपरेशन रुट क्लियरेंस' चलाया जा रहा है उक्त अभियान में जिला स्पेशल टीम एवं थाना सीमलिया की टीमों द्वारा दिनांक 02.09.2026 को सीमलिया थाना क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अभियुक्त 1. संजय प्रजापत पुत्र हीरालाल जाति कुम्हार उम्र 28 साल निवासी मेला ग्राउण्ड के पास बारां थाना कोतवाली बारां जिला बारां 2. किशन गोपाल पुत्र छीतरलाल जाति माली उम्र 45 साल निवासी ओडपुरा बस्ती बारां थाना कोतवाली बारां जिला बारां को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया एवं मौके पर डिटेन शुदा वाहन स्विफ्ट कार आरजे 21 सीए 8439 से 8.688 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 02.09.2026 को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी/परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु श्री नन्दसिंह पु.नि. थानाधिकारी थाना सीमलिया मय जाप्ता व श्री सुरेन्द्र सिंह राणा प्रभारी डीएसटी द्वारा संयुक्त रुप से नाकाबंदी हेतू रवाना हुये व उक्त दोनो टीमों द्वारा हाडोती मेटल्स के पास एनएच 27 सीमलिया नाकाबंदी की जा रही थी। उसी दौरान एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार आरजे 21 सीए 8439 बारां से कोटा की ओर आई ब्लैक शीशा स्विफ्ट कार का चालक पुलिस नाकाबंदी को देखकर व रूकवाने पर हडबडा गया तथा पसीना पसीना होने लगा जिस पर वाहन चालक से घबराने का कारण पुछा तो कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया जिस पर वाहन की नियमानुसार तलाशी ली गई तो वाहन से 8.688 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया। उक्त पर थाना सीमलिया पर प्रकरण संख्या 142/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

**टीम गठन**

जिला कोटा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध गतिविधियां नियंत्रण तथा अवैध मादक पदार्थ / अवैध शराब तस्करी को रोकने हेतु समस्त वृताधिकारीगण एवं थानाधिकारीगण को निर्देशित किया हुआ है। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी/परिवहन की रोकथाम हेतु श्री रामकल्याण मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण के सुपरविजन में श्री अरूण शर्मा वृताधिकारी वृत कोटा ग्रामीण द्वारा उच्चधिकारियों के निर्देशन में श्री नन्दसिंह पु0नि0 थानाधिकारी थाना सीमलिया मय जाप्ता व डीएसटी प्रभारी श्री सुरेन्द्रसिंह राणा पु.नि. की विशेष टीम का गठन कर थाना सीमलिया क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी / परिवहन की रोकथाम व सघन चैकिंग हेतु निर्देशित किया जाकर थाना इलाका क्षेत्र रवाना किया गया !

# नीट (एनईईटी) अभ्यर्थियों के लिए विप्र फाउंडेशन 6 सितम्बर को आयोजित करेगा विशेष काउंसलिंग सेमिनार

## तैयारी बैठक संपन्न, सही मार्गदर्शन से संवरेंगे मेडिकल करियर के सपने

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर ।** नीट यूजी (एनईईटी यूजी ) की द्वितीय एवं तृतीय काउंसलिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सही दिशा एवं सटीक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से विप्र फाउंडेशन जोन 1- ए के प्रदेश शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा 6 सितम्बर को एक विशेष करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार की तैयारियों को लेकर गुरुवार को देहली गेट स्थित निजी कार्यालय में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों एवं पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों तक अधिकतम लाभ पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य डॉ. एच. आर. दवे ने कहा कि नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है, किंतु उसके बाद सही कॉलेज, उचित कोर्स, राज्य एवं काउंसलिंग विकल्पों का चयन करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव, गलत प्राथमिकताओं एवं काउंसलिंग प्रक्रिया की अपर्याप्त समझ के कारण अनेक प्रतिभावान विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुरूप कॉलेज एवं पाठ्यक्रम प्राप्त नहीं कर पाते। ऐसे में विशेषज्ञ मार्गदर्शन विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा प्रदान कर सकता है। डॉ. दवे ने बताया कि पिछले वर्षों में आयोजित काउंसलिंग सेमिनारों से अनेक विद्यार्थियों को लाभ मिला और वे बेहतर कॉलेजों एवं प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने में सफल रहे। इसी अनुभव को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी अनुभवी चिकित्सकों, मेडिकल शिक्षा विशेषज्ञों एवं काउंसलर्स द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश सचिव जी.एल. नागदा ने बताया कि यह सेमिनार विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा जो प्रथम काउंसलिंग में सीट प्राप्त नहीं कर पाए हैं अथवा अपनी अपेक्षा के अनुरूप कॉलेज नहीं मिलने के कारण द्वितीय एवं तृतीय काउंसलिंग में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही चॉइस फिलिंग, सीट अपग्रेडेशन की रणनीति, सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजों के विकल्प, एमसीसी, आयुष, एवं डीमेट यूनिवर्सिटी काउंसलिंग की जानकारी तथा कम शुल्क वाले गुणवत्तापूर्ण कॉलेजों के चयन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में राजेश पालीवाल, गणेश नागदा, नीरज नागदा, मुकेश शर्मा, सुरेश नागदा, गोपाल मेहता मेनारिया आदि उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य केवल प्रवेश दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके करियर, रुचि एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप सर्वोत्तम विकल्प चुनने में सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षा एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश जोन 1 ए के मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि सेमिनार उदयपुर के निम्बार्क बी.एड. कॉलेज, सूरजपोल के बाहर में 06 सितंबर रविवार दोपहर 2:00 बजे शुरू किया जाएगा। विप्र फाउंडेशन ने सभी नीट क्वालिफाइड विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इस महत्वपूर्ण मार्गदर्शन सेमिनार में उपस्थित होकर अपने मेडिकल करियर को सही दिशा देने का आह्वान किया है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सजेगा कथक और हवेली संगीत का रंगमंच

# 'श्री वल्लभम् कथक समारोह' में जीवंत होंगी श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाएं

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कोटा में भारतीय कला, संस्कृति, कथक और हवेली संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मुखिया मदनलाल जोशी स्मृति संस्थान की ओर से 6 सितंबर को 'श्री वल्लभम् कथक समारोह' का आयोजन सायं 4.30 बजे से कैरियर पॉइंट ऑडिटोरियम, न्यू कोटा स्टेशन रोड, नंबर-1 में आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष दामोदर शांडिल्य ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने किया। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ ही प्रतिभावान कलाकारों को अपनी कला के प्रदर्शन का मंच प्रदान करते हैं। संयोजिका बरखा जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। श्री बड़े महाप्रभुजी मंदिर के श्री श्री 108 गोस्वामी विनय कुमार जी महाराज के आशीर्वचन तथा श्री श्री 108 गोस्वामी शरद कुमार जी महाराज की अध्यक्षता में समारोह आयोजित होगा। स्वर्गीय हवेली संगीत मर्मज्ञ मुखिया मदनलाल जोशी की पुण्य स्मृति में आयोजित समारोह में उनकी सुपौत्री, कथक गुरु एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कलाकार बरखा जोशी के शिष्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को कथक नृत्य के माध्यम से साकार किया जाएगा। समारोह में ख्यातनाम हवेली संगीतज्ञ भुवनेश कुमार शर्मा 'श्याम जी शास्त्री' का गायन विशेष आकर्षण रहेगा। साथ ही ख्यातनाम कलावंतों एवं कला के प्रति समर्पित कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, विधायक संदीप शर्मा, विधायक कल्पना देवी, कैरियर पॉइंट के निदेशक प्रो. ओम माहेश्वरी, नई दिल्ली के कथक गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी सहित शहर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। बरखा जोशी ने बताया कि लीलापुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित कथक प्रस्तुतियां कला एवं संस्कृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।।

# 12 दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत 500 इको फ्रेंडली गणपति प्रतिमाएं बनकर तैयार

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर मिट्टी गोबर की गणेश प्रतिमा भी बनवाई

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान गणेश महोत्सव की समरसता के तहत छोटी व बड़ी 500 गणपति प्रतिमाएं बनाकर तैयार कर ली गई है इस बार समिति ने पोन फीट की मिट्टी व गोबर से भी तैयार करवाई है समिति अध्यक्ष उदय लाल समदानी ने बताया कि 14 सितंबर सोमवार से 25 सितंबर शुक्रवार तक 12 दिवसीय मनाया जाने वाले गणेश महोत्सव के लिए मूर्ति निर्माण का कार्य समिति ने पूरा कर लिया है इंदौर से आए मूर्तिकारों ने इस बार भी इको फ्रेंडली प्रतिमाए तैयार करवाई गई, जिसमें चीनी मिट्टी, जूट एवं प्राकृतिक कलर से गणपति प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से अंतिम रूप दिया गया, बाल गंगाधर तिलक द्वारा शुरू किया गया गणेश महोत्सव की समरसता के तहत एक ही मंच पर सभी धर्म के लोगों द्वारा इस बार 12 दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा समिति कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा गणपति की प्रतिमाओं का पंजीयन 12 सितंबर तक किया जाएगा गणपति की प्रतिमाएं अपना घर वृद्धाश्रम, आरसी व्यास कॉलोनी में अपना पंजीयन कराकर गणपति की प्रतिमाएं बुक करा सकेंगे

गोबर व मिट्टी की गणपति प्रतिमाएं भी पोन फिट कि मिलेगी आस्था संग पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल समिति को पंजीयन कराने पर गोबर व मिट्टी से बनाए गए गणपति बप्पा की पोन फिट कि प्रतिमाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी 10 सितंबर तक पंजीयन कराने पर गोबर व मिट्टी से आकर्षक गणपति की मूर्तियां तैयार करवाई गई है आजकल बाजार में मिलने वाली प्लास्टर ऑफ पेरिस और चीनी से निर्मित गणपति मूर्तियां जल प्रदूषण बढ़ा रही है इसी को ध्यान में रखते हुए समिति ने इको फ्रेंडली मूर्तियां भी विशेष रूप से ध्यान दिया गया है पूजा के बाद विसर्जन गमले या खेतों में करने पर इसमें मौजूद तुलसी व अन्य के बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं इस प्रकार भक्तों की आस्था का फल पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करता है गौ सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है

## वार्ड नं. 23 वाटिका से कांग्रेस प्रत्याशी अनीता मीणा ने किया जनसंपर्क, हाथ के निशान पर वोट की अपील



स्मार्ट हलचल

**वाटिका /भरत देवड़वाल।** वाटिका नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 से कांग्रेस प्रत्याशी अनीता मीणा ने क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान अनीता मीणा ने घर-घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया और चुनाव चिन्ह - हाथ पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर अनीता मीणा ने कहा - 'वार्ड 23 की जनता ही मेरा परिवार है। मेरा संकल्प है - सेवा, समर्पण, विकास और विश्वास के साथ वार्ड का सर्वांगीण विकास करना। पानी, सड़क, सफाई और महिला सुरक्षा मेरी प्राथमिकता रहेगी। ' स्थानीय महिलाओं और युवाओं में अनीता मीणा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अधिक से अधिक मतों से जिताने का भरोसा दिलाया।

# एफटीए से खुलेंगे नए बाजारः भारत-बेल्जियम आर्थिक संबंधों में नया माइलस्टोन

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक संपन्न हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने पर जोर दिया। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में इसे एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए, दोनों राजनेताओं ने आर्थिक सहयोग को गहरा करने के लिए साझा इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान एक व्यापक 'भारत-बेल्जियम संयुक्त बयान' भी जारी किया गया, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग के भविष्य का खाका खींचा गया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा दोनों नेताओं ने 15 जुलाई 2026 को ब्रुसेल्स में पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता की शुरुआत का स्वागत किया, जिसकी सह-अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री ने की थी। उन्होंने कहा कि व्यापक भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी के तहत, इस वार्ता ने व्यापार और निवेश, हरित परिवर्तन, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी, रक्षा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक नियमित और व्यापक तंत्र स्थापित किया है। दोनों नेताओं ने एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने, अहम वैश्विक चुनौतियों से निपटने और तकनीकी व आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते घटनाक्रमों के लिए दुनिया को तैयार करने के उद्देश्य से, संयुक्त राष्ट्र चार्टर को केंद्र में रखते हुए, सुधारे गए और प्रभावी बहुपक्षवाद की अपनी मांग को दोहराया। दोनों नेताओं ने, खास तौर पर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया ताकि इसे आज की दुनिया का बेहतर प्रतिनिधित्व करने वाला बनाया जा सके। मंत्रालय ने कहा दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-बेल्जियम संबंधों के लिए भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दोहराया। रणनीतिक साझेदारी में एफटीए को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए, नेताओं ने भारत-ईयू एफटीए को समय पर लागू करने का आह्वान किया, ताकि महत्वपूर्ण मूल्य श्रृंखलाओं में विविधता लाकर और नए बाजार खोलकर व्यापार और निवेश सहयोग की वास्तविक क्षमता को साकार किया जा सके। दोनों देशों के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को और अधिक विस्तार देने पर सहमति बनी है। बेल्जियम के पीएम के साथ रक्षा एवं विदेश व्यापार मंत्री थियो फ्रैंकन तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है, जो विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक करेंगे और दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

# साइबर ठगी रोकने से लेकर हर वर्ग तक ऋण पहुंचाने पर मंथन, SLBC की 170वीं बैठक में बैंकिंग क्षेत्र का रोडमैप तैयार

**मुख्य सचिव बोले- क्रेडिट ग्रोथ के साथ वित्तीय समावेशन पर भी दें जोर; 3,400 से ज्यादा जागरूकता शिविरों में 70 हजार ग्राहकों तक पहुंचा 'स्मार्ट बैंकिंग एवं सेफ बैंकिंग 2.0' अभियान**

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC), राजस्थान की 170वीं बैठक गुरुवार क ो जयपुर में हुई। बैठक में प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराध, बैंकिंग क्षेत्र की सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, वार्षिक साख योजना, सरकारी योजनाओं में ऋण वितरण और विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्यों क ो लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता SLBC अध्यक्ष एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय वी. मुदालियर तथा राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, राजस्थान पुलिस की साइबर अपराध शाखा तथा प्रदेश के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




### साइबर अपराध बैंकिंग क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती

SLBC अध्यक्ष संजय वी. मुदालियर ने कहा कि साइबर अपराध बैंकिंग क्षेत्र के लिए लगातार बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। साइबर ठगी से बचाव के लिए बैंकिंग सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के साथ ग्राहकों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी और कर्मचारी भी साइबर अपराध के नए तरीकों के प्रति लगातार अपडेट रहें, ताकि ग्राहकों के साथ होने वाली धोखाधड़ी को समय रहते रोका जा सके।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में SLBC राजस्थान की ओर से साइबर जागरूकता को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। 21 जुलाई को सचिवालय जयपुर में विशेष बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन कॉल सेंटर का दौरा कर साइबर शिकायतों की स्थिति और उनके निस्तारण की प्रक्रिया को समझा गया।

### 3,400 से अधिक शिविर, 70 हजार ग्राहकों को जागरूक किया

बैठक में बताया गया कि 'स्मार्ट बैंकिंग एवं सेफ बैंकिंग 2.0' अभियान के तहत प्रदेशभर में 3,400 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से करीब 70 हजार ग्राहकों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित बैंकिंग, साइबर धोखाधड़ी से बचाव और सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी गई।

SLBC अध्यक्ष ने सभी बैंकों से इस अभियान को और प्रभावी बनाने तथा ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग के साथ-साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।

### ई-धरती से जुड़ा ULI, ऑनलाइन आसान होंगी ऋण संबंधी प्रविष्टियां

बैठक में बैंकिंग और भूमि अभिलेखों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि राजस्थान सरकार ने आरबीआई के सहयोग से यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI) को ई-धरती पोर्टल से जोड़ा है। इससे भूमि अभिलेखों में ऋण से संबंधित प्रविष्टियों की प्रक्रिया ऑनलाइन और अधिक सरल होने की उम्मीद है। इस पहल से ऋण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने के साथ बैंक और संबंधित विभाग भूमि अभिलेखों की जानकारी को अधिक सुगमता से देख सकेंगे।

### विकसित राजस्थान-2047 के चार स्तंभों पर जोर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बैठक में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए बैंकों और पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

उन्होंने विकसित राजस्थान-2047 के विजन के चार प्रमुख स्तंभों—गरीब, युवा शक्ति, नारी शक्ति और अन्नदाता—को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं और ऋण की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि बैंकों का लक्ष्य केवल क्रेडिट ग्रोथ बढ़ाना नहीं होना चाहिए। प्रदेश के ऐसे वर्गों तक भी संस्थागत वित्तीय सेवाएं पहुंचनी चाहिए, जो अभी बैंकिंग व्यवस्था से पूरी तरह नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए बैंकों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### वार्षिक साख योजना और अटल पेंशन योजना की सराहना

SLBC राजस्थान की संयोजक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा की महाप्रबंधक परिमिता मिश्रा ने वार्षिक साख योजना और अटल पेंशन योजना में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों की सराहना की। उन्होंने बैंकों से वित्त वर्ष 2026-27 की आगामी तिमाहियों में भी इसी गति को बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए बैंक स्तर पर लगातार निगरानी और बेहतर समन्वय जरूरी है।

### राज कुमार मीणा ने रखा बैंकों के प्रदर्शन का तुलनात्मक ब्यौरा

बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक एवं प्रमुख (SLBC) राज कुमार मीणा ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के सदस्य बैंकों के निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले व्यावसायिक प्रदर्शन का तुलनात्मक प्रस्तुतिकरण दिया।

राज कुमार मीणा ने विभिन्न बैंकों की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धियों से संबंधित आंकड़ों को बैठक के समक्ष रखा। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित राज्य सरकार के पास लंबित मुद्दों पर भी चर्चा की और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत प्रदेश में हुई प्रगति की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए बैंकिंग संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता है। साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों दोनों को लगातार जागरूक किया जाना जरूरी है।

### आरबीआई और साइबर क्राइम शाखा ने दी प्रस्तुति

बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक और राजस्थान पुलिस की साइबर अपराध शाखा की ओर से भी प्रस्तुतियां दी गईं। वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में डॉ. देबाशीष पुष्टी, अतिरिक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार; नीलाभ सक्सेना, आयुक्त उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार; विजय कुमार सिंह, अतिरिक्त महानिदेशक साइबर अपराध, राजस्थान पुलिस; सत्येंद्र कुमार, सीईओ ₹द्धञ्जद्ध; शांतनु कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक साइबर अपराध; धनपत राज, पुलिस अधीक्षक साइबर अपराध; रंजीव शंकर, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर; डॉ. आर. रवि बाबू, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड जयपुर सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक का आयोजन राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय, जयपुर की ओर से किया गया।

# सूरौठ नगर पालिका में 24 नामांकन वापस, 20 वार्डों में 156 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**सूरौठ में वार्ड 10 में सबसे अधिक 16 प्रत्याशी एवं वार्ड 1 में सबसे कम 3 प्रत्याशी**

स्मार्ट हलचल

**सूरौठ।** नगर पालिका सूरौठ में नामांकन वापसी के अंतिम दिन तक 24 लोगों ने अपने नामांकन वापस लिए। नामांकन वापसी के बाद सूरौठ नगर पालिका के सभी 20 वार्डों में कुल 156 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। पार्षद पद के चुनाव के लिए सभी 20 वार्डों में जांच के बाद 180 नामांकन पत्र ही विधि सम्मत पाए गए थे। सूरौठ तहसील कार्यालय में रिटर्निंग ऑफिसर प्रीति चक, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार एवं अन्य कर्मचारियों के समक्ष 24 लोगों ने नामांकन वापसी का आवेदन किया। जिन्हें स्वीकार कर लिय गया। इस दौरान तहसील कार्यालय में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। नगर पालिका चुनाव प्रभारी राजवीर सिंह डांगुर ने बताया कि नामांकन वापसी के बाद वार्ड संख्या 1 में 3 प्रत्याशी, वार्ड संख्या 2 में 7 प्रत्याशी, वार्ड 3 में 5 प्रत्याशी, वार्ड 4 में 6 प्रत्याशी, वार्ड 5 में 5 प्रत्याशी, वार्ड 6 में 12 प्रत्याशी, वार्ड 7 में 9 प्रत्याशी, वार्ड 8 में 9 प्रत्याशी, वार्ड 9 में 9 प्रत्याशी, वार्ड 10 में 16 प्रत्याशी, वार्ड 11 में 12 प्रत्याशी, वार्ड 12 में 8 प्रत्याशी, वार्ड 13 में 11 प्रत्याशी, वार्ड 14 में 6 प्रत्याशी, वार्ड 15 में 4 प्रत्याशी, वार्ड 16 में 9 प्रत्याशी, वार्ड 17 में 9 प्रत्याशी, वार्ड 18 में 8 प्रत्याशी, वार्ड 19 में चार प्रत्याशी एवं वार्ड 20 में 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रहे हैं। चुनाव प्रभारी डागुर ने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशियों को 4 सितंबर को सुबह 10 बजे से सिंबल आवंटित किए जाएंगे। सिंबल आवंटन के दौरान सभी प्रत्याशियों को वार्ड बाईज बुलाया जाएगा। चुनाव प्रभारी डागुर ने बताया कि सभी निर्दलीय प्रत्याशियों को 4 सितंबर को प्रतीक चिन्ह देने के लिए सुबह 10 बजे तहसील कार्यालय में बुलाया गया है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सजेगा कथक और हवेली संगीत का रंगमंच

**'श्री वल्लभम् कथक समारोह' में जीवंत होंगी श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाएं**

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कोटा में भारतीय कला, संस्कृति, कथक और हवेली संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मुखिया मदनलाल जोशी स्मृति संस्थान की ओर से 6 सितंबर को 'श्री वल्लभम् कथक समारोह' का आयोजन सायं 4.30 बजे से कैरियर पॉइंट ऑडिटोरियम, न्यू कोटा स्टेशन रोड, नंबर-1 में आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष दामोदर शांडिल्य ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने किया। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ ही प्रतिभावान कलाकारों को अपनी कला के प्रदर्शन का मंच प्रदान करते हैं। संयोजिका बरखा जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। श्री बड़े महाप्रभुजी मंदिर के श्री श्री 108 गोस्वामी विनय कुमार जी महाराज के आशीर्वचन तथा श्री श्री 108 गोस्वामी शरद कुमार जी महाराज की अध्यक्षता में समारोह आयोजित होगा। स्वर्गीय हवेली संगीत मर्मज्ञ मुखिया मदनलाल जोशी की पुण्य स्मृति में आयोजित समारोह में उनकी सुपौत्री, कथक गुरु एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कलाकार बरखा जोशी के शिष्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को कथक नृत्य के माध्यम से साकार किया जाएगा। समारोह में ख्यातनाम हवेली संगीतज्ञ भुवनेश कुमार शर्मा 'श्याम जी शास्त्री' का गायन विशेष आकर्षण रहेगा। साथ ही ख्यातनाम कलावंतों एवं कला के प्रति समर्पित कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, विधायक संदीप शर्मा, विधायक कल्पना देवी, कैरियर पॉइंट के निदेशक प्रो. ओम माहेश्वरी, नई दिल्ली के कथक गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी सहित शहर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। बरखा जोशी ने बताया कि लीलापुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित कथक प्रस्तुतियां कला एवं संस्कृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।।

# कोटा जिले में 11 नए फार्मासिस्ट पद स्वीकृत, संघ ने जताया आभार

**नए ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन सेंटरों से सुदृढ़ होगी दवा वितरण व्यवस्था**

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** प्रदेश में 225 नए ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन सेंटरों के साथ 225 फार्मासिस्ट (एल-10) के नए पद स्वीकृत किए गए हैं। इनमें कोटा जिले के लिए कुल 11 नए फार्मासिस्ट पद मंजूर किए गए हैं। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ, एकीकृत जिला शाखा कोटा के जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची ने बताया कि स्वीकृत पदों में एमबीएस अस्पताल में 1, न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 5, जिला चिकित्सालय रामपुरा में 3 तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कोटा में 2 फार्मासिस्ट पद शामिल हैं। नए पदों की स्वीकृति पर संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची, संस्थापक महेश यादव, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष तिलक चंद शर्मा, गुलशन छाबड़ा, राजीव वर्मा, मुरारीलाल नागर, लोकेश चतुर्वेदी सहित कोटा जिले के सेवारत फार्मासिस्टों ने राज्य सरकार एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया। संघ पदाधिकारियों ने इसे फार्मासिस्ट संवर्ग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि नए ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर शुरू होने से अस्पतालों में दवा वितरण व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। इससे मरीजों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी। साथ ही नए पदों के सृजन से फार्मासिस्टों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि बजट में घोषित 500 नए दवा वितरण केंद्रों को धरातल पर लागू करने की दिशा में 225 फार्मासिस्ट पदों की स्वीकृति एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शेष प्रस्तावित पदों एवं दवा वितरण केंद्रों की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जाएगी।

# कानावासी की युवती की बरामदगी की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर :-।** कानावासी गांव की एक युवती के करीब दस दिन पहले लापता होने के मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीणों ने गुरुवार को हमीरवास थाने के सामने धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने युवती को जल्द बरामद करने की मांग करते हुए पुलिस



प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया गागड़वास भी ग्रामीणों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे। पूर्व सरपंच सतबीर पूनिया ग्वालिसर कर सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों ने पुलिस से मामले में प्रभावी कार्रवाई कर युवती का पता लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि घटना को करीब दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने और युवती को सकुशल बरामद करने की मांग की।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, महिला की मौत

**तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जा रहे थे दंपती और बेटी, पति-पुत्री गंभीर घायल; कानपुर रेफर**

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र के बसवा गांव में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दंपती और उनकी बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार वंदना देवी (48) की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनके पति चंद्रशेखर (52) और बेटी अनीता (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर छोड़कर फरार हो गया। थरियांव थाना क्षेत्र के कोर्रा शहादत गांव निवासी चंद्रशेखर अपनी पत्नी वंदना देवी और बेटी अनीता के साथ बाइक से बसवा गांव में आयोजित तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया कि बसवा गांव में पूर्व प्रधान गांधी के ट्यूबवेल के पास मोड़ पर पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक ट्रैक्टर के अगले हिस्से में फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। हादसे में वंदना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं चंद्रशेखर और अनीता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र हरदो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने भी हालत चिंताजनक देखते हुए दोनों को कानपुर रेफर कर दिया। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।



वंदना देवी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की खबर से गांव में भी मातम पसर गया।

थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों से तहरीर मिलने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


# कानावासी की युवती की बरामदगी की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर :-** । कानावासी गांव की एक युवती के करीब दस दिन पहले लापता होने के मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीणों ने गुरुवार को हमीरवास थाने के सामने धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने युवती को जल्द बरामद करने की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया गागड़वास भी ग्रामीणों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे। पूर्व सरपंच सतबीर पूनिया ग्वालिसर कर सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों ने पुलिस से मामले में प्रभावी कार्रवाई कर युवती का पता लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि घटना को करीब दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने और युवती को सकुशल बरामद करने की मांग की।


**13-साल हार्ट का ऑपरेशन नहीं होने से बेटी की मौत**

# पिता बोले- अब कोई भी कमेटी बना लो, उससे क्या होगा; लापरवाही को लेकर FIR कराएंगे

स्मार्ट हलचल

**कोटा** की 15 साल की तन्वी की मौत के मामले एम्स नई दिल्ली ने जांच कमेटी बनाई है। ये कमेटी मरीज के इलाज, विशेषज्ञों की राय, मेडिकल रिकॉर्ड और मौत से जुड़ी परिस्थितियों की विस्तार से जांच करेगी। एम्स ने कहा- अंतिम निष्कर्ष पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और समिति की जांच पूरी होने के बाद ही निकाले जाएंगे। एम्स के मुताबिक- तन्वी को साल 2012 में पहली बार इलाज के लिए एम्स के कार्डियोलॉजी OPD में लाया गया था। जांच में पता चला कि तन्वी को वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट (VSD) के साथ पल्मोनरी एट्रेसिया नामक जटिल जन्मजात दिल की बीमारी थी। इस बीमारी में हार्ट से फेफड़ों तक खून के बहाव का सामान्य मार्ग अनुपस्थित होता है। सभी जांचों के बाद साल 2017 में डॉक्टरों ने बताया कि हार्ट की जटिल बनावट के कारण सर्जरी संभव नहीं है। परिवार को दवा के जरिए इलाज की सलाह दी गई थी। एम्स के अनुसार- 1 सितंबर की सुबह करीब 2:50 बजे तन्वी को अचानक कमजोरी महसूस हुई। ऑक्सीजन लेवल 48 प्रतिशत रह गया। डॉक्टरों ने लंबे समय तक रिससिटेशन (पुनर्जीवन) के लिए प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।



उधर, कमेटी बनाने पर तन्वी के पिता मुकेश ने कहा- कोई भी कमेटी बना लो, उससे क्या होगा। जब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकलेगा और एक्शन नहीं लेंगे, तब तक कमेटी का क्या मतलब है। हम इलाज में लापरवाही को लेकर FIR दर्ज करवाएंगे।

### पिता बोले- 2015 में सर्जरी की डेट तय थी, फिर टालते गए

मुकेश ने बताया- पहली बार 2 सितंबर 2015 को बच्ची के ऑपरेशन के लिए डेट तय कर दी गई थी, लेकिन इसके बाद दीपावली के लिए कहा। फिर कहा गया कि कंडयूट (कृत्रिम नली या ट्यूब) उपलब्ध नहीं है। इसके बाद डॉक्टर ने हमें किसी संजीव के नंबर दिए। संजीव को तीस हजार रुपए दिए, तब एम्स में कंडयूट पहुंचा। इसके बाद भी ऑपरेशन नहीं हुआ और इतने साल से लगातार टालमटोल करते गए। मुकेश ने कहा- हमने दिल्ली में पुलिस को भी कॉल किया था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा दिया।

हर बार इसी उम्मीद से दिल्ली जाते कि ऑपरेशन हो जाएगा

घरवालों के मुताबिक- डॉक्टरों ने हर 2-3 महीने में जांच के लिए बुलाया था। परिवार हर बार इस उम्मीद में कोटा से दिल्ली जाता कि इस बार बेटी का ऑपरेशन हो जाएगा, लेकिन सर्जरी की तारीख ही मिलती रही। 13 साल में 100 से भी ज्यादा बार तन्वी को लेकर एम्स पहुंचे थे, लेकिन जरूरी सर्जरी नहीं हो पाई।

### 9वीं क्लास की छात्रा थी तन्वी

तन्वी के पिता मुकेश रेडीमेड कपड़ों की शॉप पर काम करते हैं। तन्वी 9वीं कक्षा की छात्रा थी। तन्वी के पिता मुकेश ने बताया कि 2 साल की उम्र में दिल की बीमारी का पता चला था। उसी समय से दिल्ली एम्स में तन्वी का इलाज चल रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में शटडाउन का संकट टला?: प्रतिनिधि सभा ने दिसंबर तक फंडिंग वाला बिल पास किया, अब ट्रंप की मंजूरी बाकी

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने मंगलवार को एक अस्थायी विधेयक पारित किया। इसका मकसद संघीय सरकार के कामकाज के लिए दिसंबर की शुरुआत तक धन उपलब्ध कराना है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि सांसदों को दोबारा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान सरकार का कामकाज बंद (शटडाउन) न हो। सांसदों के लिए सितंबर के आखिर में खत्म हो रहे वित्त वर्ष से पहले यह कदम उठाना जरूरी था। ऐसा नहीं करने पर सरकारी कामकाज के लिए पैसा खत्म हो सकता था। सांसद नहीं चाहते थे कि चुनाव प्रचार के दौरान सरकार के कामकाज को लेकर कोई संकट खड़ा हो। पिछले साल भी सरकार के कामकाज के लंबे समय तक बंद रहने से बड़ा संकट पैदा हुआ था। प्रतिनिधि सभा ने 370–48 वोट से विधेयक पारित किया। सीनेट इसे पहले ही भारी बहुमत से मंजूर कर चुका है। अब यह विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा।

### पश्चिम एशिया तनाव: अमेरिका ने चाबहार समेत ईरान के कई ठिकानों पर किए हमले; ट्रंप ने क्या धमकी दी

**वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार को ईरान में चाबहार और केशम द्वीप समेत कई अहम ठिकानों पर मिसाइलों से हमला किया। भारतीय समयानुसार रात करीब साढ़े नौ बजे शुरू हुए हमलों में ईरान के इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना ने एक सितंबर को ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमलों की एक श्रृंखला सफलतापूर्वक पूरी की। अमेरिकी सेना ने आईआरजीसी के ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एयर डिफेंस साइट, रडार सिस्टम, समुद्री ठिकाने और सुविधाएं, बारूदी सुरंगें बिछाने की क्षमता से जुड़े ठिकाने और संचार केंद्र शामिल थे। कमान ने कहा कि ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी सैनिकों पर आईआरजीसी के हालिया हमलों की कोशिशों के बाद किए गए। पश्चिम एशिया में इस समय 50 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। कमान ने कहा कि ये सैनिक सतर्क हैं और जरूरत पड़ने पर आगे की कार्रवाई के लिए तैयार हैं। यह कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर की जाएगी। ईरान की समाचार एजेंसियों के अनुसार, केशम द्वीप, बंदर अब्बास, चाबहार, जास्क और सिरिक में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी जॉर्डन के शहर अकाबा के ऊपर धमाके दिखाई दिए। ईरान के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी हमले में एक घर को निशाना बनाया गया। उस समय वहां शादी समारोह चल रहा था। हमले में दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी कि अगर ईरान ने इस हमले का जवाब दिया, तो उसे और भी सख्त परिणाम भुगतने होंगे। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका को अपने इन नए हमलों पर पछतावा होगा।

### आर्थिक नीति: जी20 मंच से इतर रूस, कोरियाई दल से सीतारमण की मुलाकात; आईएमएफ एमडी ने भारत की तारीफ में क्या कहा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के एशविल में आयोजित जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक से इतर कई अहम देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन मुलाकातों में भारत के आर्थिक सहयोग, निवेश, वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सीतारमण ने रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ बैठक में द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने और क्षेत्रीय व वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम पर विचार साझा किए। दोनों पक्षों ने बहुपक्षीय मंचों पर साझा हितों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। बैठक में न्यू डेवलपमेंट बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के साथ सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर विचार हुआ। दोनों नेताओं ने इन संस्थानों को प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंकों के रूप में मजबूत करने के लिए साझा हित वाले क्षेत्रों की संभावनाएं तलाशीं। इसके अलावा शंघाई सहयोग संगठन डेवलपमेंट बैंक की स्थापना पर भी चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने दक्षिण कोरिया के उप प्रधानमंत्री एवं अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री कू यून–चोल से भी मुलाकात की। सीतारमण ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया को एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के बीच संबंधों से कई क्षेत्रों में पारस्परिक लाभ हुआ है।

# मृतकों का आंकड़ा 1127 पहुंचा, 4800 से अधिक लोग अभी भी लापता; भारत की पांचवीं मदद रवाना



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में बाढ़ के बाद हालात बदतर बने हुए हैं। हर दिन के साथ हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है, जबकि अभी भी हजारों लोग लापता हैं। वहीं, इस भीषण त्रासदी को झेलने वाले अब मानसिक रूप से पीड़ा झेल रहे हैं, जिसमें बच्चे से लेकर बड़े भी शामिल है। फिलहाल राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मंगलवार को नेपाल के बाढ़ प्रभावित त्रिशूली बाजार पहुंचे। उन्होंने मौके पर हालात का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां सुनीं। बाढ़ से हुए भारी नुकसान को देखकर सोनू सूद ने चिंता जताई और कहा कि लोगों को सामान्य जिंदगी में लौटने में काफी समय लग सकता है।

एएनआई से बातचीत में उन्होंने नेपाल की मदद के लिए भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की। सोनू सूद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में नेपाल को दी जा रही सहायता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राहत और सहयोग का सिलसिला लगातार जारी रखना जरूरी है, क्योंकि प्रभावित लोगों की मुश्किलें कुछ हफ्तों या महीनों में खत्म नहीं होंगी। उन्होंने सभी से नेपाल के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

**मौतों का आंकड़ा 1,127 पहुंचा :** नेपाल में बाढ़ की तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,127 हो गई है। आपदा के एक सप्ताह बाद भी हजारों लोग लापता हैं और सुरक्षा बल प्रभावित इलाकों में लगातार तलाशी और राहत अभियान चला रहे हैं। नेपाल पुलिस के मुताबिक, सबसे ज्यादा शव चितवन से 348, नवलपरासी ईस्ट से 217, नवलपरासी वेस्ट से 190 और नुवाकोट से 155 बरामद किए गए हैं। इसके अलावा गोरखा से 66, धादिंग से 59, रसुवा से 45 और तनहूं से 38 शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक 1,113 शवों का पोस्टमार्टम और कानूनी पहचान की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इनमें से 95 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। लापता लोगों के परिवारों की मदद के लिए नेपाल पुलिस ने 911 अज्ञात शवों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है, ताकि परिजन तस्वीरों और उपलब्ध विवरण के आधार पर अपने रिश्तेदारों की पहचान कर सकें। नेपाल पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों ने अब तक बाढ़ प्रभावित इलाकों से 6,541 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। वहीं, 4,858 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश के लिए प्रभावित क्षेत्रों में अभियान जारी है।

**नेपाल के लिए भारत ने भेजी पांचवीं मदद :** नेपाल में राहत और बचाव अभियान के लिए भारत ने मदद का सिलसिला जारी रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को बताया कि भारत का पांचवां विमान राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हो गया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस विमान में 11 सदस्यीय विशेष रेस्क्यू टीम मौजूद है। टीम के साथ बचाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले जरूरी उपकरण भी भेजे गए हैं। इसके अलावा विमान में करीब 5.5 टन आवश्यक दवाएं भी भेजी गई हैं। भारत की ओर से यह सहायता नेपाल में जारी राहत एवं बचाव प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से भेजी गई है। विदेश मंत्री ने कहा कि पांचवां भारतीय विमान नेपाल के लिए रवाना हो चुका है और इसमें विशेष उपकरणों से लैस बचाव दल के साथ बड़ी मात्रा में जरूरी दवाएं भी शामिल हैं।

**सरकार की प्राथमिकता लोगों की जान बचाना :** लोक बहादुर छेत्री ने कहा कि इस समय नेपाल सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना, लापता लोगों का पता लगाना, बचे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना और प्रभावित लोगों तक तत्काल राहत पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों, चाहे वे नेपाली नागरिक हों या विदेशी, को जरूरी सहायता और सहयोग मिले। नेपाल में आई इस विनाशकारी बाढ़ ने कई जिलों में भारी तबाही मचाई है। बड़ी संख्या में लोगों की मौत के साथ-साथ कई लोग अब भी लापता हैं। ऐसे में राहत, शवों की पहचान और जोखिम वाले इलाकों में बचाव अभियान लगातार जारी है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: दिल्ली में जुटेंगे दुनिया के दिग्गज, गुटेरेस आएंगे; पुतिन-जिनपिंग भी कर सकते हैं शिरकत



**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** भारत की मेजबानी में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस भी हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि गुटेरेस के सम्मेलन में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख करीब 10 दिन बाद नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में भाग लेंगे।

**गुटेरेस का भारत से पुराना जुड़ाव :** यूएन महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का इस साल भारत का यह दूसरा महत्वपूर्ण दौरा होगा। फरवरी 2026 में वह नई दिल्ली में आयोजित इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में शामिल हुए थे। यह ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला वैश्विक AI शिखर सम्मेलन था।

**ईरान संघर्ष को लेकर भी जताई चिंता :** इससे पहले बिश्केक में एससीओ समिट के दौरान गुटेरेस ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ईरान में जारी संघर्ष के मानवीय और आर्थिक प्रभावों पर चिंता जताई। गुटेरेस ने संघर्ष का समाधान बातचीत और वार्ता के जरिए करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्ण सम्मान की बात कही, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का सम्मान भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने व्यापक और स्थायी समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शामिल होने की उम्मीद है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी सम्मेलन में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में नई दिल्ली में होने वाली यह बैठक वैश्विक कूटनीति के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।

**भारत की अध्यक्षता में क्या होगा खास :** विदेश मंत्रालय के अनुसार, 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सदस्य और साझेदार देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ-साथ आउटरीच के तहत आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।


# प. एशिया तनाव: ईरान में शादी के जश्न पर बरसीं अमेरिकी मिसाइलें

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सिरिक इलाके में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब अमेरिकी हवाई हमले की चपेट में यह कार्यक्रम आ गया। ईरानी अधिकारियों और सरकारी मीडिया के मुताबिक, हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित तटीय क्षेत्र में हुई। ईरानी अधिकारियों ने इसे युद्ध के दौरान नागरिकों के लिए सबसे गंभीर घटनाओं में से एक बताया है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई को इससे पहले हुई घटनाओं से अलग करके नहीं देखा जा सकता। प्रवक्ता ने विशेष रूप से मिनाब में एक स्कूल पर हुए हवाई हमले का उल्लेख किया, जिसमें ईरानी अधिकारियों के अनुसार युद्ध के पहले दिन एक बालिका विद्यालय में 160 लोगों की जान गई थी। मिनाब की घटना को लेकर अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से अभी तक आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है। हालांकि, एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि यह हमला पुराने लक्ष्य संबंधी आंकड़ों के इस्तेमाल का नतीजा हो सकता है।

सिरिक में शादी समारोह पर हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर सैन्य तनाव तेज हो गया है। बुधवार को दोनों देशों के बीच पिछले कई हफ्तों में सबसे बड़ा सैन्य टकराव देखने को मिला। अमेरिका की ओर से आगे और भी अधिक व्यापक हमले किए जाने की चेतावनी दी गई है। ऐसे में शादी समारोह में हुई नागरिक मौतों ने युद्ध के मानवीय प्रभाव को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को ईरान में चाबहार और केशम द्वीप समेत कई अहम ठिकानों पर मिसाइलों से हमला किया।

# ऐसा गृह युद्ध होता, जिससे हम कभी उबर नहीं पाते': जेडी वेंस का बड़ा खुलासा, दुनिया के खात्मे पर भी बोले




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट में चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा कि अगर 2024 में डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले में उनकी मौत हो जाती तो देश में ऐसा गृह युद्ध होता, जिससे अमेरिका कभी उबर नहीं पाता। पॉडकास्ट में वेंस ने दुनिया के अंत पर भी अपने विचार साझा किए। ईसाई पॉडकास्टर ब्राइस क्रॉफर्ड के साथ बातचीत में जेडी वेंस ने धर्म, अध्यात्म समेत कई मुद्दों पर अपने विचार रखे।

**'ट्रंप की मौत से अमेरिका में छिड़ जाता गृह युद्ध' :** साल 2024 में अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति पर जानलेवा हमला हुआ था। उस हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे और एक गोली उनके कान को छूकर निकली थी और ट्रंप के एक समर्थक की मौत हो गई थी। उस घटना पर जेडी वेंस ने कहा, 'अगर 2024 में हुई हत्या की कोशिश में डोनाल्ड ट्रंप की मौत हो जाती, तो वे हमेशा सोचते रहते कि यह किसी साजिश का हिस्सा था और शायद वे किसी दूसरे रिपब्लिकन को भी अगला राष्ट्रपति मानने को तैयार नहीं होते। ट्रंप खुद भी 2024 के हमले में खुद की जान बचने को दैवीय कृपा मानते रहे हैं, और वेंस भी ऐसा ही मानते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'अगर गोली से ट्रंप की मौत हो जाती, तो देश में ऐसा गृह-संघर्ष होता जिससे शायद देश कभी उबर नहीं पाता।' वेंस ने कहा, 'ट्रंप के कई समर्थकों को लगता कि किसी साजिश के तहत उनका चुना हुआ राष्ट्रपति छीन लिया गया, और उनके मन में भी कहीं न कहीं ऐसे ही विचार आते।

**दुनिया के अंत पर भी बोले वेंस :** क्रॉफर्ड ने वेंस से दुनिया के अंत में उनकी दिलचस्पी के बारे में भी पूछा। इस पर उपराष्ट्रपति ने हंसते हुए कहा कि 1990 के दशक के आखिर में जवानी के दिनों में उनकी भी इसमें दिलचस्पी थी, जब लोग नई सदी के आने के साथ दुनिया के खत्म होने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे थे। हंसते हुए वेंस ने एक दोस्त की कहानी सुनाई जिसे यह जुनून सवार था कि 2007 के आखिर में दुनिया खत्म हो जाएगी और उसने क्रेडिट कार्ड पर भारी कर्ज ले लिया था।

**एआई को लेकर जताई चिंता :** वेंस ने कहा, 'दुनिया में कुछ ऐसी चीजे हैं, जिन्हें देखकर मुझे हैरानी नहीं होगी अगर 'एंटीक्राइस्ट' (शैतान का रूप) हमारे बीच घूम रहा हो, लेकिन फिर भी, मैं इस पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देने की कोशिश करता हूं।' उन्होंने IT कंपनियों और इंसानी बातचीत की जगह आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर चिंता जताई। बीते दिनों ट्रंप ने ईसा मसीह के रूप में अपनी एक एआई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी, जिस पर खासा विवाद हुआ था। हालांकि वेंस ने ट्रंप का बचाव किया। उन्होंने कहा, 'उनका मकसद भगवान का मजाक उड़ाना या उनकी नकल करना नहीं था, वे ऐसे इंसान नहीं हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति अक्सर चीजों को हल्का-फुल्का रखने की कोशिश करते हैं और लगातार मजाक करते रहते हैं।

# ट्रंप ने अपने करीबी अधिकारी को दी बड़ी जिम्मेदारी, कौन हैं पूर्व सील फाइटर हंग काओ



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वे कार्यकारी नौसेना सचिव हंग काओ को स्थायी नौकरी के लिए नामांकित कर रहे हैं। ट्रंप ने नौसेना के पूर्व अधिकारी को ऐस समय नियुक्ति दी है, जब ऐसी चिंताएं सामने आई हैं कि ईरान युद्ध के दौरान कुछ नाविकों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ा है। दरअसल ईरान युद्ध के दौरान अमेरिका के युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को करीब नौ महीने समुद्र में बिना रुके तैनात रहना पड़ा, जिससे कई अमेरिकी नौसैनिकों की मानसिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा।

**जॉन फेलन के इस्तीफे से मिला मौका :** अप्रैल के आखिर में जॉन फेलन के अचानक और बिना किसी कारण के नौकरी छोड़ने के बाद हंग काओ को नौसेना का कार्यकारी सचिव नियुक्त किया गया था। जॉन फेलन ने कभी नौसेना में सेवाएं नहीं दी थीं या सर्विस में कोई सिविलियन लीडरशिप रोल भी नहीं निभाया था। वहीं काओ ने नेवी में स्पेशल ऑपरेशन्स ऑफिसर के तौर पर 25 साल बिताए और इराक और अफगानिस्तान में स्थ्रुरु टीमों और स्पेशल फोर्सेज के साथ काम किया।

**ट्रंप ने सीनेट से जल्द नियुक्ति की पुष्टि करने को कहा :** ट्रंप ने काओ की नियुक्ति का एलान करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे एक सच्चे योद्धा को नॉमिनेट करते हुए खुशी हो रही है।' उन्होंने सीनेट से अपील करते हुए कहा कि इस योद्धा को जल्द से जल्द कन्फर्म करें। काओ ने सोशल मीडिया पर इसे नेवी और मरीन कॉर्प्स टीम के महान योद्धाओं का नेतृत्व करना जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताया।

**अमेरिकी सेना में उथल-पुथल का दौर :** काओ का नामांकन ऐसे समय में हुआ है जब कुछ लोग, जिनमें कांग्रेस में डेमोक्रेट्स भी शामिल हैं। मानते हैं कि ट्रंप नेवी पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहे हैं। ईरान युद्ध में मदद के लिए यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की नौ महीने की तैनाती के दौरान समुद्र में बिना रुके रहने का रिकॉर्ड बना है। साथ ही उनकी नियुक्ति ऐसे समय भी हुई है, जब अमेरिकी मिलिट्री के टॉप लेवल पर उथल-पुथल मची हुई है। हालिया उदाहरण में, आर्मी सेक्रेटरी डैन ड्रिस्कॉल ने इस हफ्ते अपना इस्तीफा सौंप दिया, जबकि उनके और डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ के बीच तनाव की खबरें बड़े पैमाने पर आ रही थीं। मौजूदा भूमिका से पहले काओ नेवी अंडरसेक्रेटरी के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने उन सर्विस मेंबर्स की ड्यूटी पर वापसी का समर्थन किया था, जिन्होंने बाइडेन के समय में वैक्सीन लेने के आदेश को मानने से इनकार कर दिया था। ट्रंप के करीबी माने जाने वाले काओ ने यह भी कहा कि उन्हें नेवी के डेमोंस्ट्रेशन स्क्वाड्रन, ब्लू एंजल्स के जुलाई में फ्लोरिडा के भीड़भाड़ वाले बीच पर इतनी कम ऊंचाई पर उड़ने से कोई दिक्कत नहीं थी।

# पश्चिम एशिया में चीन बढ़ा रहा दखल: मिस्र पहुंचे शी जिनपिंग, अमेरिका के करीबी देश में बीजिंग की बढ़ रही पकड़

**काहिरा, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सप्ताह मिस्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। यह यात्रा चीन और मिस्र के बीच आर्थिक एवं राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की सामान्य कवायद नजर आती है, लेकिन इसके पीछे पश्चिम एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव की बड़ी रणनीति भी देखी जा रही है।

अमेरिका के प्रमुख वैश्विक प्रतिद्वंद्वी चीन के लिए मिस्र पश्चिम एशिया में अपनी मौजूदगी मजबूत करने का अहम केंद्र बनता जा रहा है। वहीं, मिस्र अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। ऐसे में शी की काहिरा यात्रा को दोनों देशों के रिश्तों से आगे क्षेत्रीय भू-राजनीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**मिस्र पहुंचे शी जिनपिंग, हुआ भव्य स्वागत :** शी जिनपिंग मंगलवार शाम काहिरा एयरपोर्ट पहुंचे। उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट को चीन और मिस्र के झंडों से सजाया गया था। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और सैन्य गार्डों ने रेड कार्पेट समारोह के साथ उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बुधवार को बातचीत करने का कार्यक्रम है। शी जिनपिंग ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम का भी दौरा करेंगे, जो गीजा के पिरामिडों के पास स्थित है। यह मिस्र की उनकी करीब एक दशक बाद पहली यात्रा है। वहीं, 2022 में सऊदी अरब दौरे के बाद यह पश्चिम एशिया की उनकी पहली यात्रा है।

**चीन-मिस्र के रिश्तों में क्यों आई तेजी :** चीन और मिस्र इस साल अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इसी मौके पर दोनों देशों के नेताओं ने मंगलवार को मिस्र के सरकारी अखबारों में दोस्ताना लेख भी प्रकाशित किए। शी जिनपिंग ने दोनों देशों से विकास के जरिए व्यावहारिक सहयोग का दायरा बढ़ाने की अपील की। वहीं, अल-सीसी ने मिस्र में चीन के निवेश की सराहना की और ताइवान को चीन का हिस्सा मानने वाले बीजिंग के दावे के समर्थन को दोहराया। मिस्र चीन के साथ बढ़ते रिश्तों को अपनी रणनीतिक साझेदारियों में विविधता लाने के अवसर के तौर पर देखता है।

**ब्रिक्स से बेल्ट एंड रोड तक चीन की बढ़ती पकड़ :** मिस्र को 2023 में ब्रिक्स में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। यह समूह उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक प्रमुख मंच है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश शामिल हैं। इसके एक साल बाद मिस्र और चीन ने चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सहयोग के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह पहल दुनियाभर में बुनियादी ढांचे और परिवहन नेटवर्क के निर्माण के जरिए चीन की आर्थिक और रणनीतिक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चीन मिस्र में 10 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर चुका है। इनमें काहिरा के पूर्व में बिजनेस हब और नील डेल्टा में औद्योगिक क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रिक रेल लाइन जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार करीब 20 अरब डॉलर का बताया जाता है। इसके मुकाबले 2025 में अमेरिका और मिस्र के बीच व्यापार 15.7 अरब डॉलर रहा था। चीन लंबे समय से पश्चिम एशिया में अपनी कूटनीतिक और आर्थिक भूमिका बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। 2023 में बीजिंग ने ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध बहाल कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।

# क्या है तहरीक-ए-लब्बैक: पाकिस्तान में मदरसे के लिए 125 साल पुराना मंदिर ढहाया, पंजाब में कैसे हिंदुओं को डराया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात कैसे हैं, यह पूरी दुनिया में किसी से नहीं छिपा है। हालांकि, अब शहबाज शरीफ की सरकार के कार्यकाल में चरमपंथी ताकतें प्रतिबंधित होने के बावजूद खुलेआम न सिर्फ लोगों को डरा रही हैं, बल्कि उनके पूजास्थलों को भी ढहाने और उसकी जमीन पर कब्जा करने में जुट गई हैं। ताजा मामला पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले का है। यहां सिराज गांव में एक चरमपंथी संगठन- तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने कथित तौर पर एक 100-125 साल पुराने हिंदू पूजास्थल को ढहा दिया। कहा जा रहा है कि इस संगठन ने ऐसा मंदिर की जमीन पर कब्जा करने और पास ही मौजूद एक मदरसे का दायरा बढ़ाने के लिए किया।

आइये जानते हैं कि जिस मंदिर के ढहाए जाने को लेकर इस वक्त पाकिस्तान में बवाल मचा है, वह क्या है और कहां है? इसके साथ हाल ही में ऐसा क्या हुआ, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान चरमपंथी संगठन और उनकी खुलेआम अल्पसंख्यकों के खिलाफ किए जा रहे जुर्मों की तरफ कर दिया है? यह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान क्या है, जिससे न सिर्फ अल्पसंख्यक, बल्कि पाकिस्तान की सरकार तक घबराती है? क्यों शहबाज सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद यह संगठन मजबूत बना हुआ है।

**कब ढहाया गया यह पूजा स्थल, क्यों पैदा हुआ विवाद :** इस ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को 21 अगस्त 2026 को ढहाया गया था। हालांकि, इसे ढहाए जाने के मामले ने तूल अगस्त के अंत में पकड़ा। दरअसल, इस मंदिर के ढहने की वजहों और इसकी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर दो परस्पर विरोधी दावे सामने आ गए, जिससे यह विवाद और बड़ा हो गया है।

**अल्पसंख्यक संगठन बोले- मंदिर को सोची-समझी साजिश के तहत गिराया गया :** स्थानीय हिंदू प्रतिनिधियों और अल्पसंख्यक संगठनों का आरोप है कि लगभग 100 से 125 साल पुराने इस मंदिर को जानबूझकर और एक साजिश के तहत गिराया गया है, ताकि मंदिर की करीब 1,000 वर्ग मीटर जमीन पर पास के मदरसे का कब्जा कराया जा सके। पाकिस्तान मसीहा मिल्लत पार्टी के अध्यक्ष असलम परवेज सहोत्रा ने बताया कि मंदिर विध्वंस में चरमपंथी धार्मिक राजनीतिक दल तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) से जुड़े लोग शामिल थे। वे मंदिर को गिराने के बाद उसके शिखर से धातु के उपकरण और ईंटें भी उठाकर ले गए। सहोत्रा के मुताबिक, मंदिर से सटी जमीन को पहले इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने मदरसे के लिए पट्टे पर दिया था। किराया न चुकाने और नियमों के उल्लंघन के कारण 29 जनवरी 2026 को इस पट्टे को रद्द कर दिया गया और अवैध कब्जा हटाने के आदेश दिए गए थे, लेकिन प्रशासन ने इस आदेश को लागू नहीं किया।



नारोवाल जिला शांति समिति और 'पाक धरम आस्थान हिंदू समिति' के सदस्य और हिंदू समुदाय के नेता रतन लाल ने घटना स्थल के आसपास के डरावने माहौल को बयां करते हुए कहा- 'मंदिर परिसर में जो मदरसा लगातार चल रहा है, उसकी उपस्थिति के कारण हम अब उस जगह पर जाने से भी डरते हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन सुरक्षा चेतावनियों के बावजूद मंदिर की रक्षा करने और वहां से अवैध कब्जे हटाने में पूरी तरह विफल रहे।

**प्रशासन बोला- भारी बारिश की वजह से गिर गया मंदिर का ढांचा :** अल्पसंख्यक संगठनों के उलट ईटीपीबी के वरिष्ठ अधिकारी राणा इफ्तिखार और जिला प्रशासन ने जानबूझकर ढांचा गिराए जाने के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उनका कहना है कि हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के कारण यह पुराना और जर्जर ढांचा अपने आप ढह गया। अधिकारी ने सफाई दी कि मंदिर की मूल भूमि को कभी किसी को पट्टे पर नहीं दिया गया। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पाकिस्तान का प्रतिबंधित चरमपंथी, कट्टरपंथी और अति-दक्षिणपंथी इस्लामी राजनीतिक संगठन है। इसी संगठन पर नारोवाल जिले में एक 100 साल से भी पुराने ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को ढहाने का आरोप लगा है।

# ज्वेरेव ने टाला उलटफेर

## यूएस ओपनः लोरेंजो सोनेगो को 5 सेट चले मुकाबले में हराया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** टॉप सीडेड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आर्थर ऐश स्टेडियम में यूएस ओपन 2026 के पहले राउंड में बिना सीड वाले इटैलियन लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 3-6, 6-7(7), 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। जीत के साथ ज्वेरेव ने अगले दौर में जगह बना ली है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव चौथे सेट में 4-5 से हार से दो पॉइंट दूर थे, फिर भी उन्होंने बाद के नियंत्रण हासिल किया और 4 घंटे, 53 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की।



जर्मन खिलाड़ी ने सोनेगो के खिलाफ 6-0 के परफेक्ट एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ मैच में एंट्री की। यह रिकॉर्ड ज्यादा मायने नहीं रखता क्योंकि वर्ल्ड नंबर 89 ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ज्वेरेव की राह मुश्किल कर दी थी। मैच के दौरान सोनेगो की जोरदार शॉट-मेकिंग और हिम्मत देखने को मिली, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया था।

इस सीजन में सबसे ज्यादा 47 टूर-लेवल मैच जीतने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव का दूसरे राउंड में फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस के साथ मुकाबला होगा।

इससे पहले, फ्लेवियो कोबोली ने यूएस ओपन में अपने करियर में पहली बार दो सेट हारने के बाद वापसी की, जहां उन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 3-6, 2-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर 4 घंटे और 12 मिनट के रोमांचक खेल के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई। कोबोली की वापसी ने 25 साल के इटैलियन को साल के आखिरी मेजर में सिर्फ तीन दिन में, नंबर 4 नोवाक जोकोविच और नंबर 10 आर्थर फिल्स के साथ पुरुषों के ड्रॉ में शुरुआती हार से बचा लिया। इटैलियन को ग्रैंड स्लैम में कामयाबी तब मिली जब वह रोलैंड गैरोस के फाइनल में पहुंचे, जहां वह ज्वेरेव से पांच सेट में हार गए।

### फ्रेंच ओपन वाली सफलता यूएस ओपन में दोहराना चाहता हूं: एलेक्जेंडर ज्वेरेव

यूएस ओपन 2026 की शुरुआत हो चुकी है। नोवाक जोकोविच का पहले राउंड से बाहर होना अब तक की सबसे बड़ी खबर है। जानिक सिनर के इंजरी की वजह से टूर्नामेंट के बाहर रहने और जोकोविच के बाहर होने से स्पेन के कार्लोस अल्काराज और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच एकल का खिताबी मुकाबला होने की प्रबल संभावना बन गई है। अल्काराज और ज्वेरेव दोनों ही दूसरे दौर में जगह बना चुके हैं। फ्रेंच ओपन 2026 का खिताब जीतने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव की नजर अपने पहले यूएस ओपन और दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब पर है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने पहले मैच में इटली के लोरेंजो सोनेगो को हराया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ जीत के बाद जियोहॉटस्टार से बात करते हुए यूएस ओपन 2026 जीतने की इच्छा जताई है। जर्मन खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगता है कि जीत कड़ी मेहनत का नतीजा था जो मैंने इतने सालों में की है। कई बार, मैं थोड़ा पीछे रह गया। शायद इसी वजह से आखिर में पांचवें सेट में फ्लाविया के खिलाफ फर्क पड़ा। मैं जीतने के लिए सच में तैयार महसूस कर रहा था, जो दूसरे फाइनल की तुलना में एक अलग तरह की फीलिंग थी। बेशक, मैं खुश हूं कि ऐसा हुआ। अब हम न्यूयॉर्क में हैं, और मैं इसे फिर से करने की कोशिश करना चाहता हूं।' फ्रेंच ओपन 2026 ज्वेरेव का पहला ग्रैंड स्लैम था। उस अनुभव को याद करते हुए ज्वेरेव ने कहा, 'मेरे कंधों पर जरूर कुछ बोझ था, खासकर जिस उम्र में मैं हूं। आपको कभी नहीं पता होता कि यह कभी होगा भी या नहीं। इसलिए, मैं आखिरकार अपनी पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी उठाकर बहुत खुश था, लेकिन अब, एक बार जब आप ऐसा कर लेते हैं, तो आप और चाहते हैं।



# कार्लोस अल्काराज पहला सेट हारने के बावजूद जीते, तीसरे राउंड में जगह बनाई



**न्यूयॉर्क।** कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2026 के पुरुष एकल के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। तीसरा यूएस ओपन जीतने की कोशिश कर रहे अल्काराज ने जैमे फारिया को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। अल्काराज की जीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि उन्होंने पहला सेट गंवा दिया था। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अल्काराज ने जैमे फारिया को 4–6, 6–0, 6–3, 6–2 से हराया। कलाई की चोट की वजह से चार महीने के ब्रेक के बाद लौटे नंबर 3 सीड वाले स्पेन के अल्काराज ने 72वीं रैंक वाले पुर्तगाली खिलाड़ी फारिया को हराकर टेनिस कोर्ट पर एक बार फिर अपने दबदबे को साबित किया। फारिया ने पहला सेट 6–4 से जीतकर सबका ध्यान खींचा। पहले सेट में उतार–चढ़ाव के बाद, अल्काराज ने दूसरे सेट के अपने शुरुआती सर्विस गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और फिर लगातार आठ गेम जीत, सेट 6–0 अपने नाम किया। तीसरे सेट में अल्काराज ने लगातार आठ गेम जीते और फारिया की सर्विस लगातार पांच बार तोड़कर 6–3 से अपने नाम किया। इसके बाद अल्काराज ने चौथा सेट भी 6–2 से अपने नाम किया। अल्काराज की यह जीत अमेरिकन स्लैम में उनकी 26वीं मेन–ड्रॉ जीत है, जो चार मेजर में उनका सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। अल्काराज 2004 से 2008 तक रोजर फेडरर के लगातार पांच बार जीतने के बाद यूएस ओपन टाइटल बचाने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। एटीपी नंबर 1 क्लब के सदस्य न्यूयॉर्क में दो बार के चैंपियन हैं। अल्काराज ने 2022 और 2025 में यूएस ओपन का खिताब जीता था। अल्काराज सबसे कम उम्र में ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले खिलाड़ी हैं। स्पेन के कार्लोस का अगला मुकाबला चीन के वू यिबिंग से होगा, जिन्होंने जेम्स डकवर्थ को 7–5, 6–3, और 6–1 से हराया।

सीपीएल 2026

## क्विंटन डी कॉक का शतक बेकार, सेंट किट्स ने बारबाडोस को 6 विकेट से हराया

**सेंट किट्स।** वॉर्नर पार्क में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 23वां मुकाबला बारबाडोस ट्राइडेंट्स और सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के बीच खेला गया। बारबाडोस ट्राइडेंट्स को क्विंटन डी कॉक की शतकीय पारी के बावजूद 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शतक की बदौलत



4 विकेट पर 217 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डी कॉक ने 57 गेंदों पर 6 छक्कों और 11 चौकों की बदौलत 106 रन की पारी खेली। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज जैकरी कार्टर ने 36 गेंदों पर 57 रन बनाए। कार्टर ने अपनी पारी में 7 छक्के लगाए। शेफरन रदरफोर्ड ने 26 और कप्तान क्रिस ग्रीन ने 18 रन की पारी खेली।
सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के लिए नसीम शाह ने 2, कप्तान जेसन होल्डर और वानिंदु हसरंगा ने 1–1 विकेट लिए। 218 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विस्फोटक शुरुआत की। जॉनसन चार्ल्स और काइल मायर्स ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 112 रन जोड़े। मायर्स के रन आउट होने से यह जोड़ी टूटी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 27 गेंदों पर 29 रन बनाए।
चार्ल्स ज्यादा आक्रामक रहे। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने 45 गेंदों पर 7 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 78 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर प्रमोट किए दासुन शनाका ने 22 गेंदों पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 36 रन की पारी खेली। कप्तान जेसन होल्डर ने 11 गेंदों पर 18 रन बनाए। आंद्रे फ्लेचर ने 8 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से नाबाद 22 और वानिंदु हसरंगा ने 4 गेंदों पर 1 छक्का और 3 चौके की मदद से नाबाद 18 रन बनाकर टीम का स्कोर 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 220 तक पहुंचाया और 5 गेंद पहले 6 विकेट से जीत दिला दी।

विमेंस एशिया कप

## सादिया के नाम 3 विकेट, 'लो-स्कोरिंग मैच' में पाकिस्तान ने थाईलैंड को 35 रन से हराया

**दुबई।** पाकिस्तान ने जीत के साथ विमेंस एशिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड को 35 रन से मात दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी।
इस टीम को दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर शवाल जुल्फिकार (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर गुल फिरोजा (0) भी पवेलियन लौट गई। यहां से



मुनीबा अली ने आयशा जफर के साथ तीसरे विकेट के लिए 17 रन जुटाए। आयशा टीम के खाते में सिर्फ 9 रन ही जुटा सकीं। इसके बाद मुनीबा अली ने सदाफ शमास के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 54 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन 12वें ओवर की चौथी और छठी गेंद पर सदाफ (20) और कप्तान फातिमा सना (0) अपना विकेट खो बैठीं। इसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती रही और निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही जुटा सकी।
विपक्षी खेमे से थिपाचा पुत्थावोंग ने 18 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि सुलीपोर्न लाओमी ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले। इनके अलावा, फनिता माया ने 2 विकेट और सुनिदा चतुरोंगरात्तन ने 1 सफलता प्राप्त की। इसके जवाब में थाईलैंड 20 ओवरों के खेल में 8 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी।

दलीप ट्रॉफी

## तिलक वर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी


**बेंगलुरु।** दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन को 7 विकेट से हराया। नॉर्थ जोन से मिले 181 रनों के लक्ष्य को साउथ जोन ने आसानी से 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा का प्रदर्शन बल्ले से दमदार रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ जोन की शुरुआत अच्छी रही। रिकी भुई और एन जगदीशन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 64 रनों की अहम साझेदारी निभाई। जगदीशन 5 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रिकी भुई 42 रन बनाने के बाद गुरनूर बरार का शिकार बने। शेख रशीद बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा और समरण रविचंद्रन ने साउथ जोन को कोई और झटका नहीं लगने दिया और चौथे विकेट के लिए 80 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए टीम को जीत दिलाई। पहली पारी में शतक लगाने वाले तिलक ने दूसरी इनिंग में 79 गेंदों में 51 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। वहीं, समरण 42 गेंदों में 4 चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर नॉटआउट रहे।



विमेंस एशिया कप

## पाकिस्तान ने थाईलैंड को 35 रन से हराया

**दुबई।** पाकिस्तान ने जीत के साथ विमेंस एशिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड को 35 रन से मात दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी।



इस टीम को दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर शवाल जुल्फिकार (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर गुल फिरोजा (0) भी पवेलियन लौट गई। यहां से मुनीबा अली ने आयशा जफर के साथ तीसरे विकेट के लिए 17 रन जुटाए। आयशा टीम के खाते में सिर्फ 9 रन ही जुटा सकीं। इसके बाद मुनीबा अली ने सदाफ शमास के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 54 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन 12वें ओवर की चौथी और छठी गेंद पर सदाफ (20) और कप्तान फातिमा सना (0) अपना विकेट खो बैठीं। इसके बाद टीम निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाती रही और निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 119 रन ही जुटा सकी।

# एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराने के पक्ष में नहीं बीसीसीआई

## आईओए से लगाई गुहार, खुद उठाएगा हवाई खर्च

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के दौरान होटल के एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराए जाने की व्यवस्था से बीसीसीआई खुश नहीं है। बीसीसीआई ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से गुहार लगाई है कि आयोजकों से बात कर एक क्रिकेटर को एक कमरे में ठहराने की व्यवस्था की जाए। आईओए ने इसे आयोजकों तक पहुंचा दिया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्र बताते हैं कि सितारे भारतीय क्रिकेटरों के रहने में कोई दिक्कत नहीं आए, इसके लिए बीसीसीआई की एक टीम जल्द ऐची-नागोया का दौरा करेगी। इसके बाद ही बीसीसीआई फैसला लेगी कि क्रिकेटरों को आयोजकों की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे होटल में ठहरना है या फिर उन्हें अपने खर्च पर होटल की व्यवस्था करनी है। बोर्ड ने यह भी फैसला लिया है कि एशियाड में भाग लेने के लिए हवाई यात्रा का खर्च वह खेल मंत्रालय से नहीं लेगा और अपने खर्च पर बिजनेस क्लास में क्रिकेटरों को जापान भेजेगा।



### इकोनॉमी क्लास से जाते हैं खिलाड़ी

इस बार खेलों में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुख्य टीम भेजी जा रही है, जिसमें बुमराह, अभिषेक शर्मा जैसे क्रिकेटर हैं। बीसीसीआई क्रिकेटरों को अमूमन बिजनेस क्लास में या फिर चार्टर्ड फ्लाइट में यात्रा कराता है। खेल मंत्रालय खेलों के लिए भारतीय दल का खर्च उठाते हुए खिलाड़ियों को इकोनॉमी क्लास में यात्रा कराता है। सूत्र बताते हैं कि बीसीसीआई ने आईओए से कहा है, वह क्रिकेटरों की यात्रा का खुद खर्च उठाएगा। आईओए ने 50 क्रिकेटरों और सपोर्ट स्टाफ पर दो करोड़ 34 लाख का खर्च तय किया था। इनमें यात्रा, दैनिक भत्ता, सेरिमोनियल-प्लेइंग किट का खर्च शामिल है।

### महिला टीम को अलग होटल में ठहराया जाएगा

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली महिला टीम को 14 सितंबर को नगोया पहुंचना है, जबकि उनकी वापसी 23 सितंबर की है। पुरुष टीम 21 को पहुंच रही है और चार अक्तूबर को वापसी कर रही है। पुरुष टीम को नगोया के एपीए होटल और महिला टीम को मेइतेत्सु ग्रांड होटल में ठहराया जा रहा है। आयोजकों ने एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराने की व्यवस्था की है। सूत्र बताते हैं कि आयोजकों ने कुछ दिन पूर्व एशियाड में आने वाले सभी देशों को बताया है कि उनकी ओर से 15 हजार खिलाड़ियों को ठहराने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन यह 17 हजार पहुंच चुकी है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि बीसीसीआई की मांग पूरी नहीं हो पाएगी।

### सितारे भी रुकते हैं गेम्स विलेज में

एशियाड में इस बार गेम्स विलेज जैसो कोई व्यवस्था नहीं है। क्रूज शिप, कंटेनरों के अलावा होटलों में खिलाडियों को ठहराने की व्यवस्था की गई है। हालांकि, ओलंपिक जैसे आयोजनों में नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल, मैजिक जान्सन जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे सबके साथ गेम्स विलेज में ठहरने को वरीयता देते आए हैं। अब यह देखना होगा कि बीसीसीआई आयोजकों की और से दिए गए होटल में क्रिकेटरों को उहराती है या अपनी ओर से इंतजाम करती है।

## हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज: अहमदाबाद में होगा आयोजन, 100 से ज्यादा एथलीट लेंगे हिस्सा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत में इंटरनेशनल खेलों की मेजबानी बढ़ती जा रही है। क्रिकेट के अलावा भारत अब दूसरे खेल भी काफी सफल तरीके से आयोजित करा रहा है. जिससे उनको और ज्यादा खेलों की मेजबानी मिल रही है। हाल ही में भारत ने दिल्ली में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप की सफल मेजबानी कीअब भारत पहली बार हुंडई वर्ल्ड आर्चरी (तीरंदाजी) पैरा सीरीज की मेजबानी करेगा। ये सीरीज 5 से 9 सितंबर तक अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित की जाएगी. जिसमें 20 देशों के 100 से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में, गुजरात अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है. अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सीरीज की मेजबानी से बड़े खेल आयोजनों के लिए गुजरात की बढ़ती पहचान और मजबूत होगी और पैरा-आर्चरी को एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम का ऐलान

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे और टी20 सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की कप्तानी में टीम का ऐलान कर दिया है। सीरीज 15 सितंबर से शुरू हो रही है। श्रीलंका को इस दौरे पर 3 टी20 और 3 वनडे मैच खेलना है। चरिथ असलांका दोनों सीरीज में उपकप्तान होंगे। पथुम निसांका, जिन्होंने हाल के महीनों में वनडे में शानदार फॉर्म दिखाया है, उनसे एक बार फिर टॉप ऑर्डर में मजबूती की उम्मीद की जाएगी। उनके साथ कामिल मिशारा, कामिंडू मेंडिस, जेनिथ लियानागे और पवन रथनायके हैं। ये बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। इसके अलावा, टीम में अनुभवी ऑलराउंडर पूर्व कप्तान दासुन शनाका, ऑलराउंडर वानिंदू हसरंगा और दुनिथ वेलालागे भी हैं। ये



खिलाड़ी श्रीलंकाई टीम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में मजबूती देंगे।

शनाका ने वनडे टीम में वापसी की है, जबकि टी20 टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए श्रीलंका की टीम में उनकी वापसी अहम है। वनडे सीरीज के लिए बतौर गेंदबाज महेश तीक्षाणा, सचिंदू कोलंबेज, दुष्मंथा चमीरा, ईशान मलिंगा, असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका टीम में शामिल हैं। टी20 सीरीज के लिए लाहिरू उदारा और थारिंडू रथनायके को टीम में शामिल किया गया है, जबकि तेज गेंदबाज नुवान तुषारा और बिनुरा फर्नांडो चमीरा और ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। टीम में निसांका, कामिंडू मेंडिस, असलांका, जनिथ लियानागे, शनाका, हसरंगा, वेलालागे और तिक्षाणा भी शामिल हैं। पहले टी20 सीरीज खेली जानी है। पहला टी20 15 सितंबर को साउथैम्प्टन में, दूसरा 17 सितंबर को कार्डिफ में और तीसरा 19 सितंबर को मैनचेस्टर में होगा। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पहला वनडे 22 सितंबर को चेस्टर-ले-स्ट्रीट, दूसरा 24 सितंबर को लीड्स और तीसरा 27 सितंबर को 'द ओवल' खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम 5 सितंबर को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

## शतकीय पारी के बाद भी डी कॉक की टीम को करना पड़ा हार का सामना

**सेंट किट्स।** वॉर्नर पार्क में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 23वां मुकाबला बारबाडोस ट्राइडेंट्स और सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के बीच खेला गया। बारबाडोस ट्राइडेंट्स को क्विंटन डी कॉक की शतकीय पारी के बावजूद 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शतक की बदौलत 4 विकेट पर 217 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डी कॉक ने 57 गेंदों पर 6 छक्कों और 11 चौकों की बदौलत 106 रन की पारी खेली। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज जैकरी कार्टर ने 36 गेंदों पर 57 रन बनाए। कार्टर ने अपनी पारी में 7 छक्के लगाए। शेफरन रदरफोर्ड ने 26 और कप्तान क्रिस ग्रीन ने 18 रन की पारी खेली। सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स के लिए नसीम शाह ने 2, कप्तान जेसन होल्डर और वानिंदु हसरंगा ने 1–1 विकेट लिए। 218 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी बारबाडोस ट्राइडेंट्स ने विस्फोटक शुरुआत की। जॉनसन चार्ल्स और काइल मायर्स ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 112 रन जोड़े। मायर्स के रन आउट होने से यह जोड़ी टूटी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 27 गेंदों पर 29 रन बनाए। चार्ल्स ज्यादा आक्रामक रहे। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने 45 गेंदों पर 7 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 78 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर प्रमोट किए दासुन शनाका ने 22 गेंदों पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 36 रन की पारी खेली। कप्तान जेसन होल्डर ने 11 गेंदों पर 18 रन बनाए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com